हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 29 जनवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 335, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08

मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया तगड़ा प्लान आइटम नंबर में जान्हवी कपूर



# उप्र के बड़ौत में निर्वाण महोत्सव का मंच गिरा, पांच की मौत, 60 घायल

एजेंसी, बागपत

उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के बड़ौत में जैन समाज के निर्वाण महोत्सव के दौरान आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने के दौरान मंच गिरने से 60 लोग घायल हो गए, जबकि अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। घायलों को आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहानि पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर प्रकार की मदद पहुंचाई जाए। घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराएं। बताया गया है कि श्रद्धालु क्षमता से अधिक संख्या में मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने पहुंच गए। इस वजह से करीब 40 फीट ऊंचा मंच भरभरा गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को फौरन बड़ौत सीएससी और निजी आस्था अस्पताल में भर्ती कराया। 20 घायलों को



प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। 30 से अधिक लोगों का उपचार चल रहा है। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को दिल्ली रेफर किया गया है। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।बागपत जिला अस्पताल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी चिकित्सीय सेवाओं के लिए डॉक्टर मौके पर मौजूद हैं। प्रशासन ने कहा है कि घटना की जांच कराने के आदेश दिए गए हैं।

## भीषण हादसा : महाकुम्भ जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत, पांच घायल

एजेंसी, रायबरेली

भीषण हादसे में महाकुम्भ में गंगा स्नान के लिए जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई,जबकि पांच घायल हो गए हैं। हादसा मंगलवार सुबह हुआ,जब श्रद्धालुओं की कार को सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार है।

रायबरेली-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुंशीगंज में एक रेस्टोरेंट के पास एक कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने किसी तरह सभी को कार से बाहर निकाला। आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने आशीष, दिपेंद्र, माया व रजनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि शुभम, अनुज, ललिता, कविता व प्रभा देवी का उपचार किया जा रहा है। सभी मृतकों की पहचान हो गई है। कार सवार लखनऊ के तेलीबाग के निवासी थे और प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान करने जा रहे थे। अपर जिलाधिकारी सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि टाटा क्वालिस गाड़ी में सवार आठ लोग सवार थे जो लखनऊ से प्रयाग की तरफ जा रहे थे। इसमें चार लोगों की मौत हुई है।घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## महाकुंभः श्रद्धालु अनवरत काशी में उमड़ रहे, बाबा विश्वनाथ मंदिर में सारे रिकॉर्ड टूटे



### एक दिन में 11 लाख श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन, भीड़ प्रबंधन के लिए आला अफसर सड़क पर

एजेंसी, वाराणसी

प्रयागराज महाकुंभ से मौनी अमावस्या अमृत स्नान के पहले से ही काशी में श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह अनवरत हो रहा है। श्रद्धालुओं के भीड़ से श्री काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन पूजन का पिछले तीन—चार दिनों से नित नया रिकॉर्ड बन रहा हैं । बीते सोमवार को बाबा के दरबार में 11 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। जो अब तक का एक दिन का नया रिकॉर्ड बना है। मंदिर के नव्य भव्य रूप में आने के बाद सावन और महाशिवरात्रि पर्व पर भी मंदिर में इतनी भीड़ नही जुटीं। मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं के लगातार आगमन को देख रात एक बजे तक दर्शन पूजन हो रहा है। मंदिर न्यास ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते रात एक बजे तक मंदिर खोलने का फैसला लिया है। उधर,महाकुंभ के पलट प्रवाह के साथ मौनी अमावस्या स्नान के लिए शहर में श्रद्धालुओं की भीड़ मंगलवार से ही उमड़ने लगी है। शहर में भीड़ प्रबंधन और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने पुलिस अफसरों के साथ खुद मोर्चा संभाल लिया। जिलाधिकारी ने सुगम दर्शन व बेहतर भीड़ प्रबंधन के मद्देनजर विभिन गंगा घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एनडीआरएफ के मोटर बोट से नमो घाट, त्रिलोचन घाट, शीतला घाट, ब्रह्म घाट,बूँदीपरकोटा घाट,पंचगंगा घाट,राम घाट, भोंसले घाट,सिंधिया घाट, मणिकर्णिका घाट, ललिता घाट,मीर घाट त्रिपुर भैरवी घाट,मान मंदिर घाट, दशाश्वमेध घाट तक की व्यवस्थाओं को परखा। इसके बाद दशाश्वमेध घाट से गोदौलिया और गिरजाघर चौराहे तक पैदल श्रद्धालुओं को कतारबद्ध होकर चलते रहने की अपील करते रहे। उन्होंने पुलिस अफसरों से कहा कि अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उन्होंने गोदौलिया चौराहे से दशाश्वमेध वाले मार्ग पर सामान बेच रहे रेहड़ी,पटरी वालों को तत्काल वहाँ से दुकान हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिंधिया घाट और दशाश्वमेध घाट पर कुछ गोवंश पशु दिखाई दिए। जिसे उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को रेस्क्यू कराने के लिए निर्देशित किया। गोदौलिया और गिरजाघर चौराहे पर अपर पुलिस कमिश्नर डॉ एस चिनप्पा और अन्य पुलिस अफसर भी व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। महाकुंभ से आ रहे श्रद्धालुओं के चलते शहर के रेलवे स्टेशन,रैन बसेरों के साथ होटल,लाज,गेस्टहाउस,धर्मशाला सभी फुल हो गए हैं। शहर के प्रमुख चौराहों के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर जाने वाली गलियां भी श्रद्धालुओं की भीड़ से जाम है। प्रयागराज से मोहनसराय मार्ग, अमरा-अखरी ,डाफी रामनगर टेंगरा मोड़ से चंदौली के सिंधीताली तक वाहन रेंग रहे है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने की प्रधानमंत्री मोदी से व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा

एजेंसी, वाशिंगटन

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातचीत को स्थानीय समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। द हिल समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की। दोनों देशों के बीच संबंधों और मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा हुई। व्हाइट हाउस ने कॉल के रीडआउट का ब्यौरा जारी किया है। व्हाइट हाउस के अनुसार, कॉल के दौरान ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों को संतुलित करने के प्रयास में अमेरिकी निर्मित सुरक्षा उपकरणों की मात्रा बढ़ानी



चाहिए। व्हाइट हाउस ने यह भी कहा, "नेताओं ने हमारे देशों के बीच दोस्ती और रणनीतिक संबंधों की ताकत को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा की योजना पर चर्चा की।" दोनों नेताओं ने इंडो-पैसिफिक, मध्य पूर्व और यूरोप में सुरक्षा पर भी चर्चा और क्वाड गठबंधन के महत्व के बारे में बात की। क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं । बाइडेन प्रशासन के दौरान भी गठबंधन पर जोर दिया गया था। द हिल समाचार पत्र के अनुसार, ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान मोदी के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित किए। उन्होंने 2019 में ह्यूस्टन में मोदी के साथ एक विशाल रैली में हिस्सा लिया। फरवरी 2020 में ट्रंप ने भारत का दौरा किया। हजारों लोगों ने ट्रंप का अहमदाबाद में अभिवादन किया। इस बीच एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने फ्लोरिडा से ज्वाइंट बेस एंड्रयूज लौटते समय एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से कहा कि आज सुबह (सोमवार) उनकी मोदी से लंबी बातचीत हुई। वह संभवतः अगले माह फरवरी में व्हाइट हाउस आएंगे। भारत के साथ हमारे गहरे संबंध हैं।

## चंबल नदी में बढ़ेगा घड़ियालों का 'कुनबा'

एजेंसी, धौलपुर

पूर्वी राजस्थान सहित उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के साझा चंबल के बीहड़ की फिजा इन दिनों बदली-बदली सी दिखाई पड़ रही है। चंबल नदी में जहां देशी और विदेशी प्रवासी पक्षियों का डेरा है वहीं, चंबल के पानी में इन दिनों दुर्लभ जलीय जीव नन्हे घड़ियालों की मौजूदगी सुखद अहसास दे रही है। घड़ियालों के संरक्षण तथा चंबल में घड़ियाल की संख्या बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य से अब नन्हे घड़ियाल चंबल नदी में छोड़े जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के देवरी में स्थित सेंचुरी से कृत्रिम रूप से हैचिंग के बाद प्यार से पाले गए



चंबल के राजकुमार कहे जाने वाले घड़ियालों को चंबल में छोड़ने की शासन और सरकार की यह कवायद आने वाले दिनों में चंबल नदी में घड़ियालों के कुनबे में बढ़ोतरी का सबब बनेगी। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के देवरी में स्थित सेंचुरी से पहले चरण में चंबल नदी के सरसैनी घाट पर 32 घड़ियाल शावकों को राष्ट्रीय घड़ियाल पालन केंद्र द्वारा छोड़ा गया।

## एमपी के सीएम मोहन यादव पहुंचे जापान, टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन को मप्र में निवेश के लिए किया आमंत्रित

### मध्य प्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एजेंसी, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान के चार दिवसीय दौरे पर हैं। पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री से राजधानी टोक्यो में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने भारत-जापान के बीच मजबूत और ऐतिहासिक रिश्तों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और जॉर्ज ने इस बात पर भी फोकस किया कि आगे इन रिश्तों को कैसे और प्रगाढ़ किया जाए, ताकि मध्य प्रदेश और जापान के बीच व्यापार-अर्थव्यवस्था का गठबंधन और मजबूत हो। यह जानकारी जनसंपर्कअधिकारी बबिता मिश्रा ने दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में टोयोटा मोटर कॉर्पोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की। उन्होंने तोशियूकी नाकाहारा महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन और मासाहिरो नोगी परियोजना महाप्रबंधक, प्रशासन एवं समर्थन विभाग, इंडिया और मिडिल ईस्ट डिवीजन के साथ व्यापारिक संभावनाओं के निवेश के अवसरों पर गहन चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश को निवेश के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन बताते हुए राज्य की प्रमुख विशेषताओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के केंद्र में स्थित है, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम के लिए एक आदर्श केंद्र बिंदु बनता है। हमारे पास विशाल औद्योगिक भूमि बैंक, कुशल युवा कार्यबल और उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा है। खासतौर पर पीथमपुर ऑटोमोबाइल क्लस्टर तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक केंद्र है, जो वैश्विक निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है।




## जापान में चौराहे पर धंसी सड़क, समा गया ट्रक



एजेंसी, टोक्यो

जापान के सैतामा प्रांत के याशियो में एक चौराहे पर मंगलवार को एक बड़े गड्ढे में एक ट्रक समा गया। इस घटना में एक व्यक्ति को बचा लिया गया। पुलिस को सुबह करीब 9:50 बजे एक आपातकालीन कॉल में कहा गया कि चौराहे पर अचानक जमीन धंस गई। इससे लगभग 10 मीटर चौड़ा और 6 मीटर गहरा गड्ढा बन गया। इस दौरान गुजर रहा एक ट्रक इसमें समा गया। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार बचाए गए व्यक्ति की हालत ठीक है। वह आराम से बातचीत कर रहा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार चौराहे के आसपास से एक सीवर प्रणाली गुजरती है। सड़क धंसने के कारणों की जांच की जा रही है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना का 20 फरवरी तक जिलास्तर पर 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें अधिकारी : मंत्री

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना की सुस्ती पर नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को 20 फरवरी तक लक्ष्य का 80 प्रतिशत पशु वितरण का निर्देश दिया है। ये आंकड़ा जिला स्तर पर हर हाल में हासिल करने को कहा गया है। पशुपालन विभाग के निदेशालय के साथ समीक्षा बैठक के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के जिलावार रिपोर्ट से विभागीय मंत्री असंतुष्ट दिखी। मंत्री ने कहा है कि समय पर लाभुकों का चयन और सूची तैयार नहीं होने से विभाग



अपने तय लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रही है, इसके लिए जरूरी है कि समय सीमा के अंदर योग्य लाभुक का चयन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए। मुख्यमंत्री पशुधन योजना में त्रुटियों को समय रहते दूर करने पर भी चर्चा की गई है। इसके लिए राज्यादेश में सुधार किया जाएगा ताकि लाभुकों को पशुधन योजना का लाभ देने को कोई अड़चन पैदा ना हो। इसके साथ ही पशुपालन विभाग के जरिये संचालित फार्म्स के अगले पांच साल के विजन डॉक्यूमेंट्स की को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के समक्ष रखा गया।

### बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी न करें श्रद्धालु

## मौनी अमावस्या पर अपनी लेन में बने रहें, जिस घाट पर पहुंचें वहीं स्नान करें

एजेंसी, महाकुम्भनगर

महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके अलावा आपात स्थिति में मेला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और स्पेशल डॉक्टरों की टीम श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 24 घंटे तैनात की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भनगर राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। खासकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो सजग रहें और किसी तरह की अफवाह में न फंसें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की समस्या में पुलिस का सहयोग लें। पुलिस और प्रशासन श्रद्धालुओं की मदद के लिए 24 घंटे उपलब्ध




है। संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं। गंगा स्नान के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें। आने वाले श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं। मंदिरों में दर्शन के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें, वहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करें। जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें, पुलिस आपकी मदद के लिए है। ट्रैफिक पुलिस भी आपकी मदद के लिए तत्पर है।स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में कराएं जांच।बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी और धक्कामुक्की से बचें।कागज, जूट या इको फ्रेंडली बर्तनों और कुल्हड़ का ही प्रयोग करें। सभी घाट संगम घाट हैं, जिस घाट पर पहुंच जाएं वहीं स्नान करें।

किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने ना पड़ें। मेले में किसी के द्वारा फैलाई गई अफवाहों से बचें। सोशल मीडिया पर फैलाए गए किसी भी भ्रम को सच न मानें। मंदिरों में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं। होल्डिंग एरिया के बजाय रास्तों पर न रुकें, किसी तरह का अवरोध न उत्पन्न करें।

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिले को दी 580 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 62 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में पूर्णिया जिले के कृत्यानंद नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर गांव स्थित कामाख्या मंदिर प्रांगण से 580.87 करोड़ रुपये से अधिक की कुल 62 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कामाख्या मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री मंत्री ने कृत्यानंद नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर ग्राम में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग से सड़क निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत मां कामाख्या पोखरा के सौंदर्गीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और इसका जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तालाब बहुत अच्छा बना है। लोग यहां आकर घूम सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने चाबी और सांकेतिक चेक प्रदान की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने किलकारी बिहार बाल भवन, पूर्णिया के बच्चों द्वारा किए गए सृजनात्मक कार्यों पेंटिंग, चित्र प्रदर्शनी, अभिनय, नृत्य विधा, जूट आर्ट और सिक्की आर्ट के बने उत्पादों एवं विभिन्न सृजनात्मक कार्यों का अवलोकन किया। बच्चों के सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब बहुत अच्छा सृजनात्मक कार्य कर रहे हैं, आप सब को बहुत-बहुत बधाई। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 1 लाख 43 हजार 88 जीविका दीदियों को 204 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, 1127 जीविका दीदियों को 5 करोड़ 32 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 13 हजार 605 जीविका दीदियों को 27 करोड़ 21 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया तथा समेकित मुर्गी विकास हेतु 700 लाभुकों को 3 लाख 78 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की है। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का नाम 'जीविका दीदी' दिया, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम 'आजीविका' किया। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, आयुष्मान भारत कार्ड योजना, बाल हृदय योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, बासगीत पर्चा आदि के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने नवजात बच्चा की गोद भराई की। मुख्यमंत्री ने उन्नयन बिहार पूर्णिया के लाइव क्लासेज का अवलोकन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कामाख्या मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, पर्यटकीय सुविधाओं एवं विश्रामालय का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कन्या मध्य विद्यालय, माजरा का निरीक्षण किया और बच्चों से मुलाकात कर शैक्षणिक कार्य आदि की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र, पूर्णिया के बच्चों से भी मुलाकात कर मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक कार्यों की जानकारी ली और उन्हें पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कामाख्या उच्च विद्यालय में खेल परिसर का उद्घाटन किया एवं उसका निरीक्षण किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने भुटहा मोड़ से एस०एच० 60 के चौथे कि०मी० तक बाईपास पथ का रेखा चित्र के माध्यम से निरीक्षण किया। इसकी लंबाई 9.176 कि०मी० होगी और इसकी प्रस्तावित लागत राशि 151.47 करोड़ रुपये होगी। इसके निर्माण कार्य से शहर का आवागमन आसान होगा और लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने धमदाहा से पूर्णिया हवाई अड्डे तक एस०एच० 65 के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी ली। इसकी लंबाई 32 कि०मी० होगी और इसकी प्रस्तावित लागत राशि 100 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने पूर्णिया एवं किशनगंज जिला अंतर्गत राज्य उच्च पथ संख्या 99 के उन्नयन, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का भी रेखा चित्र के माध्यम से जानकारी ली। इसकी लंबाई 63.35 कि०मी० होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने रंगभूमि मैदान स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (मल्टी परपस हॉल) का स्थल अवलोकन किया और स्थानीय खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री खेल अवयव संरचना एवं निर्माण गतिविधियों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे से निर्माण कार्य कराइए ताकि बच्चे अच्छे से खेल सकें, दौड़ सकें और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और रंगभूमि मैदान का स्वरूप भी बचा रहे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री सह पूर्णिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग की मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, पूर्व सांसद श्री संतोष कुशवाहा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त श्री राजेश कुमार, पूर्णिया प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री प्रमोद कुमार मंडल, पूर्णिया जिला के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय कुमार शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद का शासनकाल बिहार की कानून-व्यवस्था पर बदनुमा दाग : उमेश

**पटना।** जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सियासी फायदे के लिए अपराधियों को संरक्षण देना राजद की परंपरागत राजनीति का हिस्सा रहा है और उनके 15 वर्षों के शासनकाल को याद करें तो इसके अनगिनत प्रमाण भी मिलते हैं। असल में राजद का शासनकाल बिहार की कानून-व्यवस्था पर बदनुमा दाग है। उन्होंने कहा कि राजद का राजनीतिक बुनियाद अपराध और भ्रष्टाचार पर टिका है इसलिए कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर उनकी चिंता पूरी तरह से बनावटी और दिखवाटी है।15 वर्षों के कार्यकाल का इतिहास गवाह है कि राष्ट्रीय जनता दल ने अपने आपराधिक शागिर्दों को खाद-पानी देकर बिहार को जंगलराज के अंधकार में धकेलने का महापाप किया था। आज गिने-चुने घटनाओं को आधार बनाकर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले जंगलराज का राजनीतिक विरासत संभाल रहे राजद के युवराज को यह जरूर याद रखना चाहिए उनके माता-पिता के दामन पर 119 से अधिक जातीय नरसंहार का बदनुमा दाग है जो कि सदियों तक नहीं धुलेगा। कुशवाहा ने कहा कि नीतीश सरकार में स्थापित सुशासन राज का सबसे ठोस प्रमाण यही है कि देश-दुनिया के निवेशक अब बिहार की ओर आकर्षित हो रहे हैं, सूबे में नए-नए उद्योग धंधे लग रहे हैं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। साथ ही पर्यटकों की संख्या में भी रिकॉर्ड इजाफा हुआ है। वरना राजद की सरकार में तो खौफ का ऐसा वातावरण था कि यहां के डॉक्टर, इंजीनियर और व्यवसायी वर्ग पलायन करने पर मजबूर और बेबस थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को भय का माहौल से बाहर निकाला है परंतु जो लोग आज कानून-व्यवस्था का राग आलाप रहे हैं उन्हें अपने गिरेबान में झांककर जरूर देखना चाहिए।

### बिहार की तरक्की के लिए नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से एनडीए सरकार बनाने का संकल्प लें: उमेश

**पटना।** मंगलवार को बक्सर के किला मैदान में आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सभी पांचों घटक दलों के कार्यकतार्ओं का आत्मविश्वास और उल्लास आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत का साफ-साफ संकेत दे रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि घटक दलों के सभी जिला अध्यक्षगण प्रखंडस्तर पर कार्यक्रम कर एनडीए गठबंधन को मजबूत प्रदान करें। आगामी विधानसभा चुनाव में 225 सीटों पर एनडीए का विजय पताका लहराने के लिए हरेक बूथ पर मजबूत एकता और समंजस्यता को बनाएं रखना है। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु संगठन के हरेक स्तर पर समन्वय और तालमेल जरूरी है। सामूहिक प्रयास और परिश्रम के बदौलत मिशन-225 का संकल्प निश्चित साकार होगा। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा कि भावी पीढ़ियों के सुनहरे भविष्य और प्रदेश की तरक्की के लिए पुनः नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने का संकल्प लें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार द्वारा जनता के व्यापक हित में 500 से अधिक लोककल्याणकारी योजनाएं चल रही है। सुदूर गांवों और कस्बों तक सर्वांगीण विकास की किरणें पहुंची है। 19 वर्षों के शासनकाल में प्रदेश के सभी तबकों का शैक्षणिक, आर्थिक, समाजिक और राजनीतिक उत्थान हुआ है। सड़क, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम हुए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ओर से बिहार को विशेष आर्थिक सहायता मिल रहा है।

### पूर्व राज्यसभा सांसद अली अनवर और दशरथ मांझी के बेटे कांग्रेस में शामिल, दिल्ली में ली सदस्यता

**पटना।** जदयू के पूर्व राज्यसभा सांसद अली अनवर और माउंटेन मैन कहे जाने वाले दशरथ मांझी के बेटे और जदयू नेता भगीरथ मांझी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। दोनों ने आज दिल्ली में होने वाले मिलन समारोह में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया। कांग्रेस बिहार विधानसभा चुनाव में सवर्ण के साथ अल्पसंख्यक और दलित वोटबैंक की साधने की तैयारी में हैं। इसी की देखते हुए दोनों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है। कांग्रेस पार्टी बिहार में अपने जनाधार को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए कई समुदाय के चेहरों को कांग्रेस, पार्टी में शामिल कर रही है। अली अनवर जदयू से दो बार राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। 2017 में जदयू के भाजपा के साथ दोबारा सरकार बनाने का अली अनवर ने विरोध जताया था। अली अनवर फिलहाल ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हैं। अली अनवर के जरिए कांग्रेस, अल्पसंख्यक वोट बैंक को साधने की कोशिश कर रही है। दूसरे तरफ माउंटेन मैन दशरथ मांझी के पुत्र भागीरथ मांझी भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भागीरथ मांझी 2024 लोकसभा चुनाव से पहले जदयू में शामिल हुए थे। एक साल के अंदर ही जदयू से उनका मोह भंग हो गया है और अब कांग्रेस पर विश्वास जताया है। पिछले दिनों पटना में राहुल गांधी के कार्यक्रम में भी भागीरथ मांझी शामिल हुए थे और राहुल गांधी ने उन्हें सम्मानित भी किया था।

## बिहार से पचास पर्वतारोही गुजरात रवाना



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के बैनर तले गिरनार पर्वतारोहण के लिए पचास पर्वतारोही को पटना जंक्शन से जूनागढ़ , गुजरात के लिए एसपी सिंह राजयनिदेशक भारत सरकार , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , नेहरू युवा केंद्र संगठन बिहार के लिए रवाना किया गया । एसपी सिंह ने कहा कि बिहार प्रतिभा के धनी प्रदेश है उचित अवसर मिले तो बिहार हर क्षेत्र में झंडा गाड़ सकता है । उन्होंने सरकार के पंचायत खेल क्लब के गठन में युवा मंडल , महिला मंडल सक्रिय भूमिका निभा रहा है । उन्होंने खिलाड़ियों को आह्वान किया कि खेल को जीवन का हिस्सा बनाये । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाड़ियों के लिए अद्भुत प्रयत्न कर रहे है । वही फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश । युवा परिवर्तन के वाहक है । उन्होंने बताया कि गुजरात सरकार ने राष्ट्रीय पर्वतारोहण कार्यक्रम का आयोजन कर देश भर के पर्वतारोही को अवसर प्रदान किया है । बिहार के पर्वतारोही कृति बिहार टीम का नेतृव कर रही है । फाउंडेशन खिलाड़ियों को पंचायत से लेकर प्रखंड, जिला, राज्य ,राष्ट्रीय , अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुचाने में हर स्तर पर सहयोग कर रहा है । उन्होंने जल्द ही बिहार सरकार के खेल मंत्री से इस तरह के आयोजन कराने का आग्रह करेंगे । टीम में दुर्गा कुमारी, प्रिंसि कुमारी,वेदंशिक्रा कुमारी, स्नेहा कुमारी,आदित्य कुमार,पंकज पांडेय,रितिक कुमार,विवेक कुमार, रौशन कुमार,नितिन कुमार समेत पचास पर्वतारोही शामिल है ।

## गणतंत्र दिवस पर पाटलिपुत्र हिंदी साहित्य ने कार्यक्रम

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** वैदिक संस्कृति प्रकृति, पाली,अपभ्रंश यदि पड़ाओ से गुजर कर हिंदी भारत वासियों के दिल की धड़कन बनी।देश की प्रगति के घर में राष्ट्रभाषा हिंदी का विशेष महत्व रहा है। यह उद्गार राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के पौत्र अरविंद कुमार सिंह ने पाटलिपुत्र हिंदी साहित्य सम्मेलन के नव वर्ष के मिलन पर सम्मानऔर सांस्कृतिक समारोह के अवसर पर कही। उन्होंने आगे कहा भारत की भाषाओं को इतिहास उठाकर देखें तो पता चलता है कि हिंदी किसी न किसी रूप में अपनी सहोदर अन्य भाषाओं को अपना सहयोग प्रदान करती रही है। मुख्य अतिथि जे डी यू वरिष्ठ नेता मधेश्वरी सिंह,वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमलता सिंह और चंद्रकला सिन्हा ने भी समारोह को संबोधित किया। समारोह के शुरुआत में सभी आगत अतिथियों को स्वागत नवसृजन एवं सर्वांगीण विकास के सचिव पूजा



ऋतुराज ने और अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी संत ने किया। अतिथियों के हाथों पूनम सिन्हा,संगीता मिश्रा और रमन राज को सम्मानित किया गया। राष्ट्र की भावनाओं से ओत प्रोत और स्वतंत्रता दिवस पर आधारित देशभक्ति गानों , नृत्य और लोकगीतों से यह कार्यक्रम बड़ा ही अच्छा रहा भाग लेने वाले कलाकार थे विनोद पंडित के संगीत निर्देशन में नाल दिलीप कुमार ,उमेश कुमार और हारमोनियम पर खुद विनोद पंडित और नागेंद्र पाल। इसके साथ ही अन्य कलाकार सौरभ चौधरी, सुमन देवी, संगीता मिश्रा, पूनम सिन्हा ,महिमा शंकर, सौम्या शंकर, शुभांगी चौहान, संगीता कुमारी,प्रियांशी राज, बबली कुमारी, काजल कुमारी, संगीता मिश्रा ,सौरभ चौधरी आदि प्रमुख थे। देशभक्ति पर आधारित काव्य पाठ से सुनीता रंजन ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन रवि रंजन ने गायन गाकर किया।

## पथ प्रमंडल, गया में 26 करोड़ का अवैध भुगतान: विजय सिन्हा

### मेसर्स राजा कंस्ट्रक्शन गया ने गलत विपत्र प्रस्तुत किया: विजय सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

» संवेदक और अभियंताओं की मिलीभगत हुई उजागर: विजय सिन्हा
» तत्कालीन उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के कार्यकाल में हुई अनियमितता: विजय सिन्हा
» दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई: विजय सिन्हा

**पटना।** पथ प्रमंडल, गया के अन्तर्गत (1) भिण्डस-चमनडीह पथ, जिसकी लम्बाई-21.30 कि0मी0 के पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाना था। इस पथ के लिए निविदा के आधार पर एकरारनामा की राशि- 1809.66/- लाख रूपये थी। (2) वजीरगंज-तपोवन पथ जिसकी लम्बाई- 19.585 कि0मी0 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाना था। इस पथ के लिए निविदा के आधार पर एकरारनामा की राशि- 3338.95278/- लाख रूपये थी। (3) जमुआमा-शेवतर पथ, जिसकी लम्बाई- 17.50 कि0मी0 के पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाना था। इस पथ के लिए निविदा के आधार पर एकरारनामा की राशि- 2551.53691/- लाख रूपये थी। इन पथों के निर्माण में उपयोग किये गये स्टोन चिप्स मानपुर, गया खदान में अनुपलब्ध बताकर पाकुड़, झारखंड से अतिरिक्त ढुलाई लागत का आवेदन संवेदक द्वारा विभाग को दिया गया था। विभाग स्तर से इसकी स्वीकृति भी दी गई। अतिरिक्त ढुलाई लागत के रूप में 26 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। यह भुगतान तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री वर्तमान नेता प्रतिपक्ष के कार्यकाल में किया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि स्टोन चिप्स की ढुलाई मानपुर, गया के स्थान पर पाकुड़ झारखंड से प्राप्त किये जाने का मामला संदिग्ध लगने पर मैंने मामले की जाँच के आदेश दिये थे। जिला खनन पदाधिकारी, पाकुड़ झारखण्ड द्वारा स्पष्ट रूप से यह तथ्य प्रतिवेदित किया गया है कि इन पथों के लिए स्टोन चिप्स नहीं उपलब्ध कराये गये थे। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी, पाकुड़ के प्रतिवेदन से स्पष्ट हो गया कि संवेदक और विभागीय अभियंताओं की मिलीभगत से सरकार को 26 करोड़ से अधिक की वित्तीय क्षति हुई है। यह अत्यंत गंभीर मामला है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि संवेदक का इतनी बड़ी राशि का अवैध विपत्र प्रस्तुत करने का दुस्साहस बिना संरक्षण के संभव प्रतीत नहीं होता है। मेसर्स राजा कंस्ट्रक्शन गया के द्वारा विभाग में किए गए सभी कार्यों की जाँच करायी जाएगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि दोषी पदाधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी और संवेदक के विरूद्ध भी प्रक्रिया का पालन कर संवेदक को काली सूची में डाले जाने की कार्रवाई पर भी विचार होगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार भ्रष्टाचार के विरूद्ध जिरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करती है। इस मामले से एक बार फिर नेता प्रतिपक्ष के कार्य-कलापों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। राजनीति के माध्यम से अकुत सम्पत्ति अर्जित करने में कई माहिर लोग हैं। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि राज्य के वित्तीय संसाधन को 26 करोड़ रूपये की हानि पहुँचाने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। संवेदक के संरक्षकों की भी पहचान की जायेंगी।

## मुख्यमंत्री रचेंगे इतिहास,जनता में जगी आस-डॉ.पांण्डेय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने आज कहा कि बिहार की जनता अब खोखले दावे व वादे करने वाली पार्टियों इंडी गठबंधन के साथ,उनसे जुड़े नेताओं पर भरोसा नहीं करती बल्कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे पवित्र,कर्मठ नेतृत्व क्षमता में यकीन रखती है ताकि समय रहते विकास के रास्ते पर नया कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हो सके। डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने कहा है कि बिहार की क्षमतावान जनता कोअनर्गल प्रलाप में अब उलझाया नहीं जा सकता क्योंकि यहां लंबे समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासशील कार्यशैली से जनता पूर्व परिचित हो चुकी है। जनता जान तथा मान चुकी है कि समेकित विकास के रास्ते सर्वजन हिताय की बातें केवल नीतीश कुमार के मुख्यमंत्रीत्व काल में ही संभव हो सकी। राजद के शीर्ष नेता के पांव खुद के घर की ओर जाती है जबकि मुख्यमंत्री के पांव गांवों की ओर निकल पड़ते हैं ताकि घोषित जनविकास ग्राफ को देख कर आगे बढ़ा जा सके। इसी का ठोस परिणाम, चुनावी इतिहास का पन्ना है और आगे भी जारी रहेगा।पांडेय ने कहा कि राजद कांग्रेस शासनकाल में बिहार की नियती केवल विध्वंसात्मक हो गई थी व यहां भय ,भूख और भ्रष्टाचार के साथ साथ सांप्रदायिक दंगे,अशिक्षा,लूट की संस्कृति के बीच असुरक्षित जन का त्राहिमाम संदेश अंतरराष्ट्रीय सुर्ख़ियां बनती रही,तब जनता ने नीतीश कुमार जैसे विकासशील नेतृत्व क्षमता को बिहार का मुख्य सेवक बनाया ।आज उसी का नतीजा है कि बिहार पुनः खोई प्रतिष्ठा अर्जित कर आगे बढ़ रहा है। अबकी नया इतिहास-ए-बिहार, क्योंकि जनता चाहती नीतीश कुमार की ही सरकार".।

## फतुहा विधानसभा भाजपा के मंडल अध्यक्ष हुए सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।** फतुहा विधानसभा भाजपा के 6 मंडल अध्यक्षों फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी,फतुहा ग्रामीण दक्षिणी अध्यक्ष उदय कुमार, जल्ला मंडल अध्यक्ष मनीष यादव,फतेहपुर मंडल विपुल सिंह, संपाचक नगर अध्यक्ष सुमित कुमार और संपाचक ग्रामीण अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह को भाजपा संगठन जिला बाढ़ के मनोनीत जिलाध्यक्ष शैलेंद्र प्रसाद नेअंगवस्त्र देकर जिला की आयोजित बैठक में सम्मानित किया।इस अवसर पर बिहार प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष क्षेत्रीय प्रभारी संजय खडेंलिया, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप मिंटु , भाजपा नेता संजय जी, भाजपा नेता सह हदीदह मुखिया शशि शंकर शर्मा उर्फ़ गुडी शर्मा, जिला



उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजु, जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा, जिला महामंत्री अरविंद यादव, हेंमत राज,संजय यादवेन्दु, केशवकांत सहित जिले भर के सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कृषि विभाग में शीध्र बंटेगा नियुक्ति पत्र: मंगल पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

» पहली बार कृषि विभाग में 1 हजार से अधिक पदाधिकारियों की एक साथ होगी नियुक्ति

**पटना।** कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग ने 866 कुल पदों में से 853 अभ्यर्थियों का प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों के लिए परिणाम घोषित कर दी है। मुख्मंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में सभी अभ्यर्थियों को षीघ्र ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। नवनियुक्त पदाधिकारियों के आने से राज्य के सभी 534 प्रखण्डों में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के पद पर नियमित पदाधिकारियों का पदस्थापन किया जा सकेगा। 2003 के बाद 866 प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों पर बहाली हेतु विभाग ने अपनी अनुशंसा की थी। श्री पांडेय ने इन बहालियों के साथ ही बीज निरीक्षक, सभी मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में सहायक अनुसंधान पदाधिकारी, सभी बीज गुणन प्रक्षेत्रों में कृषि निरीक्षक के साथ-साथ सभी प्रकार के प्रयोगशालाओं में सहायक अनुसंधान पदाधिकारी तथा जिला एवं प्रमण्डल स्तर के कृषि कार्यालयों में सहायक कृषि पदाधिकारी के पदों पर नियमित पदस्थापन हो सकेगा। वर्तमान में प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष के पदाधिकारियों की कमी थी। जिसे अब पूर्ण किया जा सकेगा। माननीय मंत्री ने कृषि सचिव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों के आने से विभागीय योजनाओं को ससमय किसानों तक पहुंचाने में सहूलियत होगी तथा विभिन्न फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी। श्री पांडेय ने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष स्तर के पदाधिकारियों के 155 पदों पर नियुक्ति के लिए वर्ष 2024 में विज्ञापन प्रकाशित किया गया। मात्र एक वर्ष के अंदर ही 155 कुल पदों में से 154 अभ्यर्थियों का अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष पदों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसा की गयी है। इन पदाधिकारियों की नियुक्ति हो जाने से माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीष कुमार जी का संकल्प बिहार के कृषि क्षेत्र को आगे ले जाने तथा किसानों की समृद्धि और कृषि रोडमैप के क्रियान्वयन में सुविधा होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार की जीविका योजना ने महिलाओं की बदली तकदीर : हिमराज

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया है। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि साल 2005 में सत्ता संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तौर पर सशक्त करने को लेकर कई क्रांतिकारी फैसले लिए जिसका परिणाम आज दिखाई दे रहा है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने साल 2006 में महिलाओं का पंचायती राज व्यवस्था में 50 फीसदी आरक्षण देने का काम किया साथ ही साल 2007 में नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम है कि राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी जिससे उनका आत्मसम्मान बढ़ा। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2007 में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन परियोजना यानि ह्यजीविकाह्ण को प्रारंभ किया गया। जीविका के तहत स्वयं सहायता समूह में आच्छादित परिवारों की संख्या वर्तमान में 1 करोड़ 34 लाख हो गई है एवं 10 लाख 63 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। ह्यजीविका दीदियोंह्ण को सशक्त करने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार उन्हें ट्राई साइकिल दे रही है जिससे शारीरिक रुप से असमर्थ जीविका दीदियों को एक जगह से दूसरी जगह आना जाना आसान हो जाएगा। 30 से 35 हजार रुपए तक की कीमत वाली ये साइकिलें उन्हें महज 9 हजार रुपए में उपलब्ध करायी जाएगी।

### विकासपुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में विकास के शिखर पर पहुंचा बिहारः अभिषेक

**पटना।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बदहाल बिहार को विकसित बिहार बनाने में एक शिल्पकार की भूमिका निभाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से दर्शकों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान विकास के सभी पैमानों पर पिछड़े बिहार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संवारने का काम किया है। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, दलितों के उत्थान, अल्पसंख्यकों के संरक्षण एवं सम्मान एवं विकास की सफल प्रयोगशाला साबित हो रहा है। अपने कुशल नेतृत्व में जिस तरह उन्होंने जंगल राज के दौरान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी बिहार की अर्थव्यवस्था, कानून व्यवस्था को पटरी पर लाकर बिहार के विकास का मार्ग प्रशस्त किया, वह अद्भुत एवं अतुलनीय है। कटिहार जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले भी जिले में विकास से संबंधित अनेकों काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिले इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण, पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण, आईटीआई कॉलेज का निर्माण, महिला आईटीआई कॉलेज का निर्माण कराया गया है जहां छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे हैं। वहीं जिले में सड़कों का जाल बिछाया गया है जिससे लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने में काफी सहूलियतें हो रही है।

### पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल पर विशेष आवरण का विमोचन

**पटना।** मेघदूत भवन, पटना जीपीओ प्रांगण में आज एक विशेष कार्यक्रम में चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार सर्किल, अनिल कुमार ने पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल पर एक विशेष आवरण का विमोचन किया । समारोह में पीएमसीएच के गौरवशाली इतिहास और स्वास्थ्य सेवा में उसके अमूल्य योगदान को समर्पित एक विशेष आवरण का विमोचन किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए अनिल कुमार ने बताया कि इस विशेष आवरण के माध्यम से ढटउऌ की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा को दर्शाया गया है, जिसमें संस्थान द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों, और स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से समाज के प्रति समर्पण को उजागर किया गया है। इस आवरण पर पीएमसीएच के इतिहास की झलकियां दिखाई गयीं हैं। अनिल कुमार ने अपने संबोधन में पीएमसीएच के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि पीएमसीएच ने ना सिर्फ लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की हैं, बल्कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने पीएमसीएच के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह संस्थान आने वाले समय में भी स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित करेगा।समारोह में पद्मश्री डॉ शांति राय, डॉ गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ विजय प्रकाश, डॉ आरएन सिंह, डॉ एए हई, डॉ विद्यापति चौधरी, डॉ हिमांशु राय, निदेशक, डाक सेवाएं, पवन कुमार, बिहार सर्किल के सतर्कता अधिकारी, नरसिंह महतो, मुख्य डाकपाल,रंजय कुमार सिंह, वरीय रेल डाक अधीक्षक, राजदेव प्रसाद, पटना जीपीओ के उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन), मुकेश कुमार, उप मुख्य डाकपाल (मेल व खजाना) कुमारी सरिता, सहित डाक विभाग के कई वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

### रुपए वापस दिलाने को लगाई सीएम व डीजीपी से गुहार

**पटना।** मानवाधिकार जन संरक्षक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार निराला ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पुलिस महानिदेशक बिहार, एवं नवादा एसपी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि कशिचक थाना के दरोगा एवं पुलिस के द्वारा उनसे धान चेकिंग के दौरान तीस लाख रुपए रखा बैग जबरदस्ती ले लिया। उन्होंने बताया कि वे 25 फरवरी को ग्राम-वीरनामा, काशीचक (नवादा) में धान व्यापारियों राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य व्यापारी के यहां से तीन सौ टन धान खरीदने के वास्ते तीस लाख रूपया नगद लेकर गए थे। तथा मूल्य का अंतर होने के कारण धान क्रय नहीं हो सका। वो में संध्या 4:00 बजे खखरी पंचायत भवन में मुखिया एवं ग्रामीण के साथ एक मानवाधिकार संबंधी जागृति कार्यक्रम में संध्या 7:00 बजे करीब, काशीचक रेलवे गुमती को पार कर घर वापस आने के क्रम में काशीचक थाना द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर मेरी गाड़ी को रोका गया तो मैं एवं मेरा चालक अपना-अपना शीट बेल्ट खोलकर गाड़ी से निचे उतरे और जिसमें से गाड़ी चेकिंग के लिए बोले। इसी क्रम में मेरे गाड़ी के पीछे कपडे के बैग में रखा तीस लाख) रूपया 60 बंडल 500 रुपए का नोट को पुलिसकर्मियों द्वारा ले लिया गया। मना करने पर मुझे एवं मेरे गाड़ी चालक का एक भी बात नहीं सुना और कहा गया है कि रुपया लूट का है तथा धमकी दिया गया कि चुप-चाप चले जाओ नहीं तो कोई संगीन अपराधिक मुकदमा में जेल भेज देंगे। मुकदमा के भय एवं पुलिस के डर से मुझे बैठाकर मेरा चालक गाडी बढ़ाया। उसके बाद भी फाईन करने वाला मशीन लिए पुलिस दौड़ा और कहा कि इसपर फाइन करो तो मेरा चालक डर से गाड़ी बढ़ाते रहा और घर वापस चले आए। मैं घटना से हताहत होने के कारण घर पर सो गए। बाद उन्होंने अपने वकील से बात करने के बाद उक्त आशय का शिकायत सीएम, डीजीपी एवं एसपी के यहाँ लिखकर भेजे हैं।

# स्विगी,जोमैटो और अमेजॉन के डिलीवरी वर्कर्स ने किया एकदिवसीय हड़ताल, पटना में सेवाएं ठप

नई सोच एक्सप्रेस

» स्विगी और जोमैटो ने हड़ताल को कमजोर करने के लिए दिया इंसेंटिव का प्रलोभन,फिर भी नहीं माने डिलीवरी वर्कर्स

**पटना।** गिग वर्कर्स एसोसिएशन (GIGWA) और अमेजॉन इंडिया वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर राजधानी पटना के डिलीवरी वर्कर्स ने एक दिवसीय हड़ताल की। इसमें स्विगी, जोमैटो, अमेजॉन जैसी कई कंपनियों से जुड़े हजारों डिलीवरी वर्कर्स शामिल हुए। हड़ताल के कारण पटना के प्रमुख इलाकों जैसे बोरिंग रोड, पाटलिपुत्र, सगुना मोड़, कंकड़बाग और अन्य क्षेत्रों में डिलीवरी सेवाएं ठप रहीं। हड़ताल और धरने को रोकने के लिए कंपनियों ने कई प्रयास किए। जोमैटो ने डिलीवरी ड्राइवर्स को 2500 रुपये की आमदनी और 300 रुपये के स्पेशल इंसेंटिव का लालच दिया, जबकि स्विगी ने 275 रुपये का बोनस देने की पेशकश की। इसके बावजूद डिलीवरी वर्कर्स अपनी मांगों पर अडिग रहे। शहर भर में कई रेस्टोरेंट्स और ई-कॉमर्स कंपनियों के ऐप्स पर "डिलीवरी बाय उपलब्ध नहीं" का मैसेज पूरे दिन दिखता रहा। डिलीवरी वर्कर्स ने गर्दनीबाग स्थित बिरसा मुंडा चौक पर धरना दिया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। उन्होंने गिग श्रमिकों के लिए एक न्यूनतम वेतन तय करते हुए स्थिर रेट कार्ड लागू करने,साल




में दो बार महंगाई दर के अनुसार रेट कार्ड में वृद्धि सुनिश्चित करने,गिग वर्कर्स को ईएसआई (ESI) और पीएफ (PF) की सुविधा देने के साथ श्रमिकों के लिए दुर्घटना सुरक्षा का कानून बनाने की मांग की. इसके अलावा गिग वर्कर्स के लिए एक केंद्रीय कानून लागू करने की मांग की और कहा कि सभी गिग वर्कर्स को कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। कंपनियों, गिग संगठनों और सरकार के प्रतिनिधियों को मिलाकर त्रिपक्षीय बोर्ड का गठन किया जाए। कंपनियों द्वारा डिलीवरी वर्कर्स के कार्ड ब्लॉक करने की एकतरफा प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। Login Hours के आधार पर डिलीवरी वर्कर्स के लिए न्यूनतम वेतन तय किया जाए। गिग वर्कर्स एसोसिएशन के बिहार प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि कंपनियों ने पुलिस की मदद से हड़ताल को रोकने की कोशिश की। वर्कर्स को धमकाया गया, लेकिन सभी श्रमिक अपनी मांगों को लेकर अडिग रहे। अमेजॉन इंडिया वर्कर्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने इस हड़ताल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि गिग वर्कर्स को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत संगठित होने और संगठन बनाने का मौलिक अधिकार है। कंपनियों ने इस अधिकार पर भी चोट पहुंचाने की कोशिश की। अभिषेक कुमार ने कहा कि डिलीवरी वर्कर्स 12-14 घंटे तक काम करते हैं और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। इसके बावजूद उन्हें सामाजिक सुरक्षा, बीमा या दुर्घटना सुरक्षा जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं। गिग वर्कर्स ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो यह आंदोलन और बड़े स्तर पर किया जाएगा। यह हड़ताल गिग अर्थव्यवस्था में काम कर रहे लाखों श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस संबंध में पत्र बिहार के मुख्यमंत्री और श्रम संसाधन मंत्री को देने की भी बात कही।

## पटना जैन समाज ने एक उज्ज्वल व्यक्तित्व खोयाः समाजसेवी शान्तिलाल जैन का निधन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष एवं उधोगपति, प्रतिष्ठित और सर्वाधिक सम्मानित व्यक्तित्व, 87 वर्षीय शान्तिलाल जैन का आज प्रातः दुखद निधन हो गया। वे अपने पीछे 4 पुत्र, तीन पुत्रियां, पौत्र, परपौत्र का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। पटना के गुलबी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनको मुखाग्नि उनके पुत्र मनीष ने दिया। स्वर्गीय शान्तिलाल जैन सामाजिक संस्था जैन संघ, शिखरजी स्थित उदासीन आश्रम, पाटलिपुत्र दिगम्बर जैन समिति के पूर्व अध्यक्ष सहित कई अन्य संस्थाओं से जुड़े हुए थे। वे अपने अद्वितीय नेतृत्व व समाज सेवा के लिए जाने जाते थे। । शान्तिलाल जैन के आकस्मिक निधन पर बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुभाष पटवारी, पूर्व अध्यक्ष पी के अग्रवाल एवं महासचिव पशुपतिनाथ तथा अन्य ने भी शोक प्रकट करते हुए संवेदना प्रकट किया। उनके निधन पर हथुआ मार्केट व्यावसायिक संघ एवं बिहार गारमेंट मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ने भी शोक व्यक्त किया। बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के सचिव पराग जैन ने कहा कि शान्तिलाल जैन के निधन से पूरे पटना समाज मे शोक की लहर छा गई। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन माह समिति के राजेन्द्र जैन सरावगी ने कहा जैन शान्तिलाल जैन का निधन न केवल पटना बल्कि पूरे जैन समाज के लिये अपूरणीय क्षति है। समाजसेवी एम पी जैन ने कहा कि उनका स्नेहिल व्यक्तित्व और मार्गदर्शक रूप हर किसी के दिलों में अमिट छाप छोड़ गया है। पाटलिपुत्र दिगम्बर जैन समिति के अध्यक्ष विनोद पहाड़िया जैन ने कहा कि शान्तिलाल जैन ने अपने पूरे जीवन में समाज के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया। मीठापुर जैन समाज के अध्यक्ष विजय गंगवाल जैन ने कहा कि उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन ने न केवल जैन समाज, बल्कि पूरे पटना समुदाय को एकजुट करने और सामाजिक सौहार्द बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सेवाएं हमेशा याद की जाएंगी। पूर्व जिला जज अखिलेश जैन ने कहा कि जैन समाज में उनकी योगदान की भरपाई करना असंभव है। उन्होंने हमेशा अपनी कर्मठता, समर्पण और सेवा भाव से सभी को प्रेरित किया। उनके निधन से जैन समाज मे शोक की लहर छा गई। शोक प्रकट करने वाले में अखिल भारतीय दिगम्बर जैन समिति के उपाध्यक्ष अशोक छाबड़ा जैन, संजय बैद, पटना जैन संघ केअध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रभु आहार सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार, सुनील काला जैन, अनित जैन गंगवाल, जैन संघ उपाध्यक्ष सुबोध जैन, ईशान जैन, उमेदमल जैन, जैन संघ कोषाध्यक्ष संजय जैन सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोगों ने अपनी संवेदनाऐं प्रकट किया। इस दुख की घड़ी में जैन समाज और पटना के समस्त नागरिक उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

## फुटपाथ पर रहने वाले लोगों के बीच ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने किया कम्बल वितरण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना में फुटपाथ पर रहने वाले असहाय एवं गरीब लोगों के बीच ह्यूमन राइट्स डिफेंडर ने सोमवार को कम्बल का वितरण किया। उक्त जानकारी ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि असहाय एवं गरीब लोगों के बीच 150 कम्बल का वितरण किया गया है। कम्बल वितरण करने वालों में ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के संस्थापिका महासचिव पुजा सिन्हा, संस्था के राष्ट्रीय चिकित्सा पदाधिकारी शल्य चिकित्सक डॉ अंजली सिन्हा, संस्था के राष्ट्रीय निगरानी विभाग सरिता देवी, सक्रिय सदस्य पिंकी कुमारी, प्रतिभा देवी एवं परशुराम शामिल थे। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र कुमार सिन्हा को बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर असहाय/जरूरतमंद लोगों के बीच स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, विकलांगों के ट्राई साईकिल, शिक्षा के लिए पठन-पाठन की सुविधा, कला के क्षेत्र के



लिए संगीत की सुविधा देती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि ह्यूमन राइट्स डिफेंडर जरूरत के अनुसार, विभिन्न तरह का मदद भी, असहाय लोगों के लिए समय- समय पर करता रहता है। उन्होंने बताया कि समाज के जो लोग, अपना सहायता असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच करना चाहते हैं तो हमारे ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के माध्यम से भी सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कम्बल वितरण के समय ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के उप संस्थापिका सह एससी/ एसटी विंग महासचिव आशा देवी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय सहायक सचिव किरण भी उपस्थित थे।

## तेजस्वी राष्ट्र के निर्माण में बच्चों की भूमिका अहम इतिहास की जानकारी हो : संगीता सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

**खगौल।** पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रि शताब्दी दिवस के शुभ अवसर पर महिला समन्वय प्रांत टोली सदस्य डॉ संगीता सिन्हा ,एलएन मिश्रा विश्वविद्यालय की प्रोफेसर ऋचा वर्मा बालिका स्कूल के प्रधानाचार्य श्री मोहन पासवान द्वारा स्टेशन रोड स्थित बालिगा विद्यालय और आनंदपुरी खगौल स्थित इमब्रोशियस अकादमी में बच्चों और शिक्षिकाओं के सहयोग से वृक्षारोपण ,वंदे मातरम और भारत माता की आरती करवाया गया 1 इस कार्यक्रम पर श्रीमती संगीता सिन्हा ने कहा कि लोक माता अहिल्याबाई होल्कर का



सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक कार्य में जितना सहयोग रहा है, अगर सभी मातृ शक्ति अपने आप में थोड़ा सा भी चिंतन कर बच्चों के बीच में कार्यक्रम कर उनके द्वारा किए गए पुनीत कार्य और तेजस्वी राष्ट्र की स्थापना कैसे हो इस पर अगर चिंतन करें बच्चों के बीच जाकर अपनी बात रखें तो शायद बहुत हद तक समाज में बदलाव आ सकता है 1

## अन्नपूर्णा कैंटीन, पटना जी.पी.ओ. का जीविका दीदी की रसोई के माध्यम से संचालन का शुभारम्भ

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जीविका दीदी की रसोई के माध्यम से पटना जीपीओ में स्थित अन्नपूर्णा कैंटीन के संचालन का भव्य शुभारंभ चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर डाक विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे, जो इस अनूठी पहल के साक्षी बने। मौके पर चीफ पोस्टमास्टर जनरल जंअनिल कुमार जी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि; जीविका दीदी की रसोई के माध्यम से संचालित इस कैंटीन का उद्देश्यों महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने और समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो उन्हें अपने परिवार और समाज के लिए एक मजबूत



आधार स्तंभ बनने का अवसर प्रदान करता है। अन्नपूर्णा कैंटीन के माध्यम से जीविका दीदी को अपने पाक कला कौशल का प्रदर्शन करने और लोगों तक स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन पहुंचाने का अवसर मिलेगा। मौके पर श्री हिमांशु शर्मा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, जीविका, ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया; कैंटीन में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि ग्राहकों को स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। कैंटीन में भोजन बनाने से लेकर परोसने तक, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच नियमित रूप से की जाएगी। इस महत्वपूर्ण मौके पर निदेशक, डाक सेवाएं, श्री पवन कुमार एवं मुख्य डाकपाल,रंजय कुमार सिंह कि गरिमामयी उपस्थिति रही उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल जीविका दीदी को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि इससे जीपीओ के कर्मचारियों और आसपास के क्षेत्र के लोगों को भी घर जैसा स्वादिष्ट भोजन मिलेगा। यह कैंटीन महिलाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनेगी और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। समारोह में बिहार सर्किल के सतर्कता अधिकारी, नरसिंह महतो, वरीय रेल डाक अधीक्षक,राजदेव प्रसाद, पटना जीपीओ के उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन),मुकेश कुमार, उप मुख्य डाकपाल (मेल व खजाना) श्रीमती कुमारी सरिता, सहित डाक विभाग के कई वरीय अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

## काव्य पाठ के साथ सामयिक परिवेश ने मनाया 19 वाँ स्थापना दिवस समारोह

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सूबे की चर्चित साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था सामयिक परिवेश ने अपना 19वाँ स्थापना दिवस समारोह आज मनाया।समारोह का उद्घाटन बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ,वरिष्ठ साहित्यकार और लिटेरा पब्लिक स्कूल समूह की निदेशिका ममता मेहरोत्रा और लोकप्रिय लोकगायिका नीतू नवगीत विशिष्ट अतिथि डा ध्रुव कुमार , भगवती प्रसाद द्विवेदी , देवव्रत अकेला और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश महान ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार क़ासिम ख़ुर्शीद कर रहे थे । कार्यक्रम की शुरुआत युगल गीत से हुई । कलाकार थे नीतू नवगीत और राजेश । फ़िर राजेश ने कई गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत मीना परिहार ने स्वागत गान गाकर किया। मौक़े पर भगवती प्रसाद द्विवेदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ममता मेहरोत्रा साहित्यिक रूप से काफ़ी समृद्ध हैं और इनकी साहित्यिक समृद्धि का उदाहरण इनकी लिखी लगभग 60 पुस्तकें हैं। डा अनिल सुलभ ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी संस्था और पत्रिका का शुभारम्भ तो आसान होता है लेकिन निरंतरता बनाए रखना बहुत मुश्किल होता है। इन मुश्किल परिस्थितियों में ममता मेहरोत्रा और सामयिक परिवेश बधाई के पात्र हैं। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में क़ासिम ख़ुर्शीद ने संस्था की संस्थापिका ममता मेहरोत्रा के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जुनून ही है कि 18 वर्षों से संस्था में निरंतरता बनी रहती है। मौक़े पर




मुकेश महान ने कहा कि सामयिक परिवेश का मक़सद ही साहित्य और कला संस्कृति के क्षेत्र में नवोदित प्रतिभाओं को मंच देना और वरिष्ठ गुणीजनों को सम्मान देना है । संस्था की संस्थापिका ममता मेहरोत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि मैं तो बस अपना किरदार निभा रही हूँ । शायद प्रकृति ने साहित्य की आराधना के लिए ही चुना था । डा. नीतू नवगीत और सामयिक परिवेश क्लब की संचालिका विभा सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया । इस अवसर पर सामयिक परिवेश पत्रिका के नए अंक का लोकार्पण भी किया गया । कार्यक्रम के दूसरे चरण में काव्य पाठ का आयोजन किया गया था । अपनी रचनाओं का पाठ करने साहित्यकारों में डा . ध्रुव कुमार , अनिल रश्मि, मीना परिहार , सविता राज, ममता मेहरोत्रा, विद्या चौधरी, सुधा सिंहा, देवव्रत अकेला , अंजनी कुमार पाठक, उमेश राज, गोपाल प्रसाद पलक सहित 50 रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया । कार्यक्रम का संचालन मीना कुमारी परिहार और सविता राज कर रही थीं।

## स्कूली बच्चों की मदद के लिए आगे आया एनटीपीसी

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना ।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत कन्या मध्य विद्यालय, अदालतगंज, पटना के 500 से अधिक बच्चों को स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग ने स्वेटर वितरण कार्यक्रम की अगुवाई की। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में श्री नाग ने कहा, "बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि स्कूल में पढ़ाई करने वाले हर बच्चे को मूलभूत सुविधाएं मिलें। एनटीपीसी हमेशा से इस दिशा में प्रयासरत रहा है। चाहे वह पावर स्टेशनों के आवासीय परिसरों में संचालित स्कूलों में स्थानीय बच्चों को अवसर प्रदान करना हो या राज्य सरकारों को शिक्षा के लिए आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने में सहयोग करना हो, एनटीपीसी ने अपनी प्रतिबद्धता हमेशा निभाई है।" श्री नाग ने बच्चों को केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय 'खेलो इंडिया' जैसी गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नृपेन्द्र कुमार



» एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक ने किया 500 स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण
» गर्म कपड़े पाकर बच्चों ने कहा - थैंक यू एनटीपीसी
» खिल उठे बच्चों के चेहरे

ने एनटीपीसी के इस प्रयास की सराहना की और आभार व्यक्त करते हुए कहा, "एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय हमेशा जरूरतमंद बच्चों और समुदाय के विकास के लिए इस तरह की कल्याणकारी गतिविधियां आयोजित करता रहा है। यह बच्चों के भविष्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।" इस कार्यक्रम में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के क्षेत्रीय मानव संसाधन प्रमुख अनिल कुमार चावला, विश्वनाथ चन्दन, सुमितेश कुमार, सचिन्द्र कुमार झा, जीत सिंह संधू और विद्यालय के सभी अध्यापक सहित बड़ी संख्या में लाभान्वित बच्चों उपस्थित रहे। गर्म कपड़े पाकर उत्साहित बच्चों ने कहा -थैंक यू एनटीपीसी । गौरतलब है कि एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय पटना और इसके आस-पास के क्षेत्रों में अपनी नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। एनटीपीसी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हमेशा अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है ।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत चोरी को लेकर प्राथमिकी

**सुगौली।** कनिय विद्युत अभियंता दुर्गानंद यादव ने स्थानीय थाना में विधुत चोरी करने का आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है दिए गए आवेदन में बताया गया है की सुगौली के बजार के तुरहापट्टी में 27 जनवरी को छापामारी किया गया तो उमा मिस्त्री का पुत्र जयप्रकाश मिस्त्री उर्फ शर्मा के घर में विधुत चोरी पाया गया उन्होने बताया है कि जांच के दौरान पाया गया कि मीटर से पहले अवैध रूप से मुख्य सर्विस तार को कटिंग कर के विद्युत ऊर्जा की चोरी किया जा रहा था । जिससे विभाग को 30819 रूपया का राजस्व की क्षति हुई है छापामारी के दौरान विडियो ग्राफी नही करने दिया गया । साथी छापामारी दल के साथ गाली गलौज करने लगा लोग छापामारी दल में मुन्ना महतो, चुन्नू अनवरल, हरिओम कुमार सिंह, आदि लोग मौजूद थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।

### विभिन्न मांगों को लेकर सीओ-आरओ से मिला भाकपा माले प्रतिनिधिमंडल

» सप्ताह भर के अन्दर मांगों पर कारवाई नहीं तो फिर शुरू होगा अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन- सुरेंद्र
» मुख्य मांग "तमाम दलित-गरीबों का 72 हजार से कम का आय प्रमाण पत्र बनवाना"



**समस्तीपुर/ताजपुर।** भाकपा माले का एक प्रतिनिधिमंडल प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सीओ आरती कुमारी, आरओ रोहन रंजन से मिलकर विभिन्न मांगों से संबंधित स्मार-पत्र सौंपकर यथाशीघ्र कारवाई करने की मांग की। जानकारी देते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना का पात्र बनने को करीब 2 हजार आय प्रमाण-पत्र का ऑफलाइन फार्म आधारकार्ड के साथ अंचलाधिकारी को दिया गया था लेकिन अब पोर्टल खोलने को है बाबजूद आय प्रमाण-पत्र नहीं बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पोखर समेत अन्य सरकारी जमीन पर बसे भूमिहीनों को उजाड़ने पर रोक लगाकर वासगीत पर्चा देने, भूमिहीनों को वासभूमि एवं आवास देने, पर्चाधारी को कजा दिलाने, दलित-गरीबों के वंचित गांव-टोले में पहुंचपथ की व्यवस्था करने, वंचित को राशनकार्ड बनाने एवं छूटे हुए नामों को जोड़ने आदि मांगों से संबंधित फार्म जमा कर तत्काल कारवाई करने की मांग की गई थी लेकिन कार्य में कोताही बरतने पर भाकपा माले ने अंचल कार्यालय पर पुनः अनिश्चितकालीन घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। इसी आशय की जानकारी से संबंधित स्मार-पत्र सीओ-आरओ को देकर अविलंब कार्य शुरू करने अन्यथा आंदोलन चलाने की चेतावनी दिया गया है।

### घोषी में पुलिस ने बेलई गांव में बड़े पैमाने पर गांजे की अवैध खेती का किया भंडाफोड़





**जहानाबाद।** घोसी थाना क्षेत्र के बेलई गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर बड़े पैमाने पर हो रही गांजे की अवैध खेती का खुलासा किया है। इस कार्रवाई के दौरान गांव के लगभग हर घर में गांजे के पेड़ लगे पाये गये। जिसे देखकर पुलिस प्रशासन भी हैरान रह गया। एसडीएम राजीव रंजन सिन्हा के नेतृत्व में गठित टीम ने गांव में छानबीन की तो पाया कि स्थानीय लोग अपने घरों के अंदर, पिछवाड़े, चाहर दीवारी के भीतर, पास के बगीचे और यहां तक कि गोशालाओं में भी गांजे की खेती कर रहे थे। छापेमारी के दौरान प्रशासन ने लगभग 50-60 गांजे के पेड़ जब्त किये हैं। जिनमें कई पूरी तरह विकसित हो चुके थे। इससे स्पष्ट होता है कि इस गांव में लंबे समय से गांजे की अवैध खेती की जा रही है। एसडीएम राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि जब पुलिस दल गांव पहुंचा तो वहां हड़कंप मच गया। कई घरों के लोग मौके से फरार हो गये। जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस सत्यापन प्रक्रिया में जुटी हुई है और जल्द ही दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी अभियान में एसडीएम राजीव रंजन सिन्हा के साथ घोसी एसडीपीओ, थाना प्रभारी ददन प्रसाद और सीईओ राहुल कुमार मौजूद थे। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और फरार आरोपियों की तलाश करने का प्रयास की जा रही है।

### 10 फरवरी से दी जाएगी फलेरिया की दवा



**सुगौली।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सीडीपीओ कार्यालय के सभागार में मंगलवार को फमलेरिया को लेकर एक दिवसीय परीक्षण दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुगौली के द्वारा दिया गया। डॉ विनय शंकर सिंह ने सेविका को बताया कि 2 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से तक के लोगों को फलेरिया के दवा दिया जाना है। जो 10 फरवरी से लेकर 27 फरवरी तक या अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर भी यह दवा उपलब्ध होगी सभी बच्चों को इसकी दवा देना अनिवार्य है। इस अभियान के तहत एक भी लोग इस दवा से वंचित नहीं रहे इसके लिए पूरी तैयारी पहले से की जा रही है। आशा बीसीएम नितेश गिरी ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी की जा रही है जिससे एक भी लोग दवा से वंचित नहीं रहे। मौके पर सभी सेविका हुआ सीडीपीओ कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित है।

# सड़क सुरक्षा पर गहन मंथन, सांसद रुडी की अध्यक्षता में अहम बैठक संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस

» एनएच पर अवैध निर्माण, बालू-गिट्टी भंडारण और जानवरों की आवाजाही रोकने पर चर्चा



**छपरा।** सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, सारण में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष श्री रुडी को राष्ट्रीय उच्च पथों (एनएच) के किनारे अवैध निर्माण, ईंट, बालू और गिट्टी आदि के अवैध भंडारण, और नीलगाय एवं अन्य जानवरों के मूवमेंट से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही, पिछले दो वर्षों में इस संबंध में की गई कार्रवाई का संपूर्ण विवरण भी अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रस्तुत किया गया।बैठक में सांसद और समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप रुडी ने इसे चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1,78,000 लोगों की जान जाती है, जिनमें से 60 प्रतिशत पीड़ित 18-34 वर्ष की आयु वर्ग के होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। दुनिया भर में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त अनुपालन, हेलमेट और सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन, और ट्रैफिक नियमों के प्रति जनता को जागरूक करने पर जोर दिया गया। बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं सारण के जिलाधिकारी अमन समीर, उप मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल बिहार विधानसभा जनक सिंह, सोनपुर विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद उपस्थित थे। इसके साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, अंचल अधिकारी, डीएफओ, रेंजर्स, जिला होमगार्ड अधीक्षक, आरसीडी, आरडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई, एनएच डिवीजन के कार्यपालक अभियंता, जिला परिवहन पदाधिकारी, चालक संघ के अध्यक्ष समेत संबंधित अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में ओवरस्पीडिंग, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग शामिल हैं। इनसे निपटने के लिए नाबालिग चालकों पर कार्रवाई, ओवरस्पीडिंग वाहनों की निगरानी, और दुर्घटना-प्रवण स्थलों पर सुधारात्मक कदम उठाने की बात कही गई।बैठक में जिलाधिकारी, एनएचएआई, आरडब्ल्यूडी, आरसीडी, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में अवैध निर्माण, बालू और गिट्टी के भंडारण, और जानवरों की आवाजाही पर रोकथाम के निर्देश दिए गए।

## पाँच दिवसीय विद्यालय स्वास्थ्य एवं आरोग्य प्रशिक्षण का हुआ समापन

नई सोच एक्सप्रेस




**छपरा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार सदर प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय गंडक नगर में आयोजित विद्यालय स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम पर आधारित प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। मौके पर डीपीओ अजीत अमर हरिजन ने कहा कि इस प्रशिक्षण के अंतर्गत 6 से 12 वर्गों तक के बच्चों के जीवन कौशल का विकास कैसे हो, किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, बच्चों का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास, स्वास्थ्य में सुधार के उद्देश्य से आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित की गई थी । इस प्रशिक्षण में सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के एक शिक्षक एवं एक शिक्षिका को प्रशिक्षित किया गया। ताकि वे शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में विद्यालय आरोग्य राजदूत के रूप में बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ला सके । बीआरपी मुन्ना कुमार ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण के मॉडल न केवल किशोर एवं किशोरियों के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि हम सभी के स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने वाला है। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर नेहा कुमारी,बबलू कुमार,विजेंद्र कुमार,देवेंद्र प्रसाद राय,ओमप्रकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाबा ताजुद्दीन का 164 वाँ जन्मदिन केक काटकर अकीदत के साथ मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल।** हज़रत ताजुद्दीन बाबा के जन्मदिन पर गांधी स्कूल रोड शैदानगर के पीर नसरुद्दीन शाह रहमतुल्ला के मजार पर बड़ी धूम रही। ताजुद्दीन बाबा के प्रति सभी धर्म के लोगों की बड़ी आस्था है इसलिए उनका जन्मदिन हिन्दू-मुस्लिम सभी धूमधाम से मनाते हैं।पीर नसीरुद्दीन बाबा के दरगाह में मिलाद बाद शाम चार बजे श्रद्धालुओं ने केक काटा। इस मौके पर दरगाह परिसर को रंगबिरंगे बैलून से सजाया गया था। इस अवसर पर बाबा के जन्मदिन पर मिलाद व नात का आयोजन किया गया। वहां उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने केक काटकर बाबा के जन्मदिन की खुशी मनाई। मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू की अध्यक्षता में बाबा के आदमकद तैल चित्र पर फूल चढ़ाए गए। इस मौके पर वहां उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच केक,चाय व नाश्ते के पैकेट का वितरण किया गया। पटना से लाया गया 12 पाउंड का केक बाबा के दरबार में काटा गया। इस मौके पर ताज एकता कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू, संयोजक चंदू प्रिन्स,मस्जिद के इमाम मोहम्मद सदफ साहब, मजार के अध्यक्ष मोहम्मद पिंटू,मोहम्मद समीम, मोहम्मद सुल्तान उर्फ विक्की,मोहम्मद नसीम, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद शाहरुख, मोहम्मद रज्जी,मोहम्मद सद्दाब मोहम्मद बादल मोहम्मद गुड्डू,सोहेब कुरैशी,ओम नंदन तिवारी, टुनटुन यादव,मोहम्मद असलम कुरैशी सहित दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## लूट की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।** दाउदपुर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। बीती रात डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने एक देसी कट्टा, चाकू, दो मोबाइल व डकैती में प्रयुक्त तीन बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नवलेश ने बताया कि मैं पुलिस बल के साथ रात्रि गश्ती व विशेष लेखा छापेमारी अभियान में निकला था । तभी गुप्त सूचना मिली कि पूर्व के मामले में वांछित अभियुक्त अंशु कुमार राय अपने गांव के हीं ऋतिक ओझा व अपने अन्य सहयोगी अपराधियों के साथ चमरहियां-एकमा पक्की पथ पर डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद त्वरित कारवाई करते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल बनाकर पुलिस चमरहियां- एकमा सड़क के किनारे अपराधियों के आने व अगला इंतजार करने लगी। इस बीच रात्रि में करीब एक बजे एकमा की तरफ से तीन बाइक लाइट जलाकर कतार में आती हुई दिखी। करीब आने पर जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो अपराधी अपनी बाइक घुमाकर भागने लगे। इस बीच पुलिस बल के सहयोग से पीछा कर तीन अपराधियों को पकड़ लिया गया। शेष अपराधी बाइक छोड़ फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधी दाउदपुर थाना क्षेत्र के चमरहियां गांव निवासी अनिल राय का पुत्र अंशु कुमार राय व अशोक ओझा का पुत्र ऋतिक ओझा सहित बनियापुर थाना क्षेत्र के करही गांव निवासी जितेंद्र पुरी का पुत्र अमित कुमार पुरी शामिल हैं। तलाशी के दौरान गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा, एक चाकू, दो मोबाइल व चोरी की तीन बाइक को बरामद किया गया। पकड़े गए तीनों अपराधियों को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि डकैती की योजना में आधा दर्जन से अधिक लोग शामिल थे। इनमें से तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष लोग घने कोहरे और अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। फरार अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष नवलेश, पीएसआई अभिनन्दन कुमार सिंह, पीएसआई अमन कुमारी सहित सशस्त्र बल में दिवाकर कुमार, अखिलेश राम सहित अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

### महिलाओं को सशक्त करने से बिहार की आर्थिक क्षमता में होगी वृद्धि

नई सोच एक्सप्रेस



**तेज़ तर्रार आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रियायती दरों पर स्मार्टफोन व इंटरनेट कनेक्शन प्रदान करके लैंगिक डिजिटल विभाजन को समाप्त करने की आवश्यकता है। डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं के लिए ई-गिग इकॉनमी के अवसरों, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म कार्य के अवसरों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। महिला ई-हाट और अमेज़न सहेली जैसी पहलों को बढ़ाया जाना चाहिए ताकि महिला उद्यमियों को बड़े बाज़ारों से जोड़ा जा सके तथा उन्हें विपणन, रसद एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। महिलाओं को पूरी तरह से सशक्त बनाने से बिहार की आर्थिक क्षमता का दोहन होगा तथा अधिक समावेशी और संधारणीय भविष्य को बढ़ावा मिलेगा।**

**[ बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण तक अपर्याप्त पहुँच के कारण, कई महिलाओं को उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक पहुँच का अभाव है, जिससे उभरते नौकरी बाज़ारों में कौशल असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। देश का आंकड़ा यह है कि सत्र 2022-23 में, 18-59 आयु वर्ग की केवल 18.6% महिलाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2021 में केवल 7% कौशल प्रशिक्षु महिलाएँ थीं, जबकि 17% ITI केवल महिलाओं के लिये थे। इस अपर्याप्त तैयारी के कारण महिलाएँ अनौपचारिक और कम वेतन वाले क्षेत्रों तक ही सीमित रह जाती हैं, जिससे उनकी आर्थिक निर्भरता बनी रहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (2022) ने वर्ष 2018 और वर्ष 2022 के दौरान महिलाओं के साथ होने वाले अपराध में 12.9% की वृद्धि का खुलासा किया है, जिसके कारण कई परिवार महिलाओं को काम के लिए यात्रा करने से हतोत्साहित कर रहे हैं। ]** अप्रैल 2024 तक भारत में 77 महिला सांसद थीं, जो कुल सीटों का 14.7% है। महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 वर्ष 2029 के बाद लागू होगा। 'कॉरपोरेट इंडिया में नेतृत्व में महिलाएँ' विषय पर वर्ष 2024 की रिपोर्ट से पता चला है कि वरिष्ठ नेतृत्व भूमिकाओं (प्रबंधकीय स्तर और उससे ऊपर) में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 18.3% है। प्रतिनिधित्व की यह कमी निर्णय लेने में महिलाओं की भूमिका को सीमित करती है और लैंगिक रूढ़िवादिता को कायम रखती है। इंटरनेट पहुँच और डिजिटल प्लेटफॉर्मों के तीव्रता से विस्तार ने महिलाओं के लिए गिग और रिमोट वर्क में भाग लेने के नए अवसर उत्पन्न किये हैं। अमेज़न सहेली और महिला ई-हाट जैसे प्लेटफॉर्म महिलाओं को घर से उत्पाद बेचने एवं सेवाएँ उपलब्ध कराने में सक्षम बना रहे हैं। चूँकि इंटरनेट की खपत में ग्रामीण भारत की हिस्सेदारी 53% है, इसलिए अधिकाधिक महिलाएँ कार्यबल में शामिल होने के लिये डिजिटल उपकरणों का लाभ उठा रही हैं, जिससे गतिशीलता संबंधी बाधाएँ कम हो रही हैं। महिलाओं की साक्षरता एवं शिक्षा तक पहुँच में लगातार सुधार हुआ है, जिससे उनकी रोज़गार क्षमता और कार्यबल में भागीदारी बढ़ी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और समग्र शिक्षा अभियान जैसी योजनाओं ने महिला साक्षरता को बढ़ावा देने में मदद की है, जो अब 77% है। इसके अतिरिक्त, कौशल भारत मिशन और डिजिटल साक्षरता अभियान जैसे कार्यक्रम महिलाओं को व्यावसायिक तथा डिजिटल कौशल से लैस कर रहे हैं, जिससे उन्हें ई-कॉमर्स व गिग वर्क जैसे उभरते क्षेत्रों में भागीदारी करने में मदद मिल रही है। हाल ही में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (2023-24) के अनुसार, महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ यह 6 वर्षों में 18.2% से लगभग दोगुनी होकर 35.5% हो गई है। हालाँकि, गहन विश्लेषण से चिंताजनक पैटर्न का पता चलता है— किशोर लड़कियों (15-19) और वृद्ध महिलाओं (60+) के बीच भागीदारी में तीव्र वृद्धि हुई है, जो प्रायः सशक्तीकरण के बजाय आर्थिक आवश्यकता से प्रेरित होती है। यद्यपि बढ़ती भागीदारी प्रगति को चिह्नित करती है, महत्त्वपूर्ण संरचनात्मक बाधाओं को दूर करना अभी भी बाकी है, तभी हम ऐसी अर्थव्यवस्था बना सकेंगे जो वास्तव में लैंगिक-संवेदनशील हो तथा सभी श्रमिकों को समान अवसर और विकल्प प्रदान करे। बावजूद इसके कुछ प्रबल बढ़ाएं महिलाओं के सामने होते हैं। आर्थिक विकास के बावजूद, पारंपरिक सामाजिक मानदंड महिलाओं को वेतन वाले काम में भाग लेने से हतोत्साहित करते हैं तथा उन्हें घरेलू भूमिकाओं तक ही सीमित रखते हैं। घर से बाहर काम करने वाली महिलाओं को, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कलंकित माना जाता है जिससे अवसरों तक उनकी पहुँच सीमित हो जाती है। इसके अलावा, महिलाओं से यह सामाजिक अपेक्षा की जाती है कि वे अपने करियर की तुलना में देखभाल प्रदान करने को प्राथमिकता दें, जिससे कार्यबल में उनका समावेश कम हो जाता है। मातृत्व लाभ, लचीली कार्य नीतियों और क्रेच सुविधाओं का अपर्याप्त प्रवर्तन महिलाओं को कार्यबल में बने रहने से हतोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना का अभिगम बढ़ाना तथा महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों के लिये मुद्रा योजना के अंतर्गत किफायती ऋण तक निर्बाध पहुँच सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के साथ जोड़कर स्वयं सहायता समूहों (SHG) को उद्यमशीलता कौशल से सशक्त बनाया जाना चाहिए। ग्रामीण भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति में भागीदारी में वृद्धि प्रगति और लगातार चुनौतियों दोनों को उजागर करती है। विशेष रूप से किशोर लड़कियों और वृद्ध महिलाओं की आर्थिक आवश्यकताएँ वास्तविक सशक्तीकरण के लिये गहन संरचनात्मक बाधाओं को उजागर करती हैं। वास्तविक लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिये, शिक्षा, कौशल और कार्य स्थितियों में सुधार महत्त्वपूर्ण हैं। SDG5 (लैंगिक समानता) और 8 (उत्कृष्ट श्रम) के साथ तालमेल बिठाते हुए, नीतियों को प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

## मुखिया ने सांसद को जिहुली घाट सड़क निर्माण के लिए सौंपा मांग पत्र

नई सोच एक्सप्रेस




» जिहुली घाट निर्माण सहित अन्य 8 कार्य कराने का भी किया मांग
» सांसद ने पत्र में शामिल सभी कार्य को बारी बारी से कराने का दिया आश्वासन

**मोतिहारी।** पताही प्रखंड के जिहुली पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ निक्कू सिंह के द्वारा जिहुली घाट सड़क निर्माण को लेकर शिवहर सांसद लवली आनंद को एक मांग पत्र सौंपा गया है। साथ ही पंचायत में अन्य आठ कार्य भी करने की मांग किया गया। जिसमें मोतिहारी और शिवहर जिला को जोड़ने वाली जिहुली घाट सड़क निर्माण के साथ जिहुली बाजार एवं महारानी स्थान परिसर में सोलर लाइट अधिष्ठापन, जिहुली हाई स्कूल में छात्रावास की व्यवस्था, जिहुली सरकारी गौशाला का जीर्णोद्धार, किसानों के खेतों तक फसल सिंचाई के लिए बिजली की व्यवस्था, पंचायत के सभी वार्डों में लगे जर्जर बिजली के पाल एवं तार को बदलवाने की व्यवस्था पंचायत के वार्ड नंबर 12 एवं वार्ड नंबर आठ में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था, एवं पंचायत में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने की मांग शामिल है शिवहर सांसद लवली आनंद द्वारा उक्त सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर बारी-बारी से कराने का आश्वासन दिया गया। सांसद ने पहली प्राथमिकता के आधार पर जिहुली घाट सड़क निर्माण कराने की बात कही।

## जदयू महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष 63 वर्षीय मृदूला देवी का अकास्मिक निधन से पार्टी कार्यकर्ता मे शोक की लहर

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर।** छात्र जदयू के समस्तीपुर नगर अध्यक्ष शुभकांत ठाकुर (सन्नी) की माता,जदयू की महिला प्रकोष्ठ की जिला उपाध्यक्ष 63 वर्षीय मृदूला देवी का अकास्मिक निधन लगभग संध्या 5 बजे उसके बजार समिति समस्तीपुर नगर निगम वार्ड नंबर 11 ग्राम सारी स्थित आवास पर हो गया। जिला अध्यक्ष सह बीस सुत्री उपाध्यक्ष डॉ दुर्गेश राय ने कहा कि उनके निधन से पूरा जिला जदयू परिवार शोकाकुल है और दुख की इस घड़ी में मृत आत्मा की शांति के लिए तथा परिवार के सदस्यों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए भगवान से प्रार्थना करते है। शोक व्यक्त करने वालो मे बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्री विजय कुमार चौधरी,केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, मंत्री महेश्वर हजारी,पूर्व सांसद श्रीमती अश्वमेघ देवी, वारिसनगर विधायक अशोक कुमार मुन्ना, पुर्व विधायक राजकुमार राय, विद्यासागर सिंह निषाद, जिला महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुबोध कुमार सिंह जिला महासचिव सह मीडिया प्रभारी अनस रिजवान,राम बहादुर सिंह, विरेन्द्र सिंह, विजय यादव,धर्मदेव सिंह कुशवाहा, प्रमोद मिलिंद,कौशल सिंह कुशवाहा,मनीष कुमार, अरुण पासवान, राजीव सिंह,राजकुमार सिंह, ठाकुर राजीव सिंह, अशोक पटेल, अमित कुमार गुल्लू, रंधीर कुमार, कृष्णदेव राय, डॉ समर्पण कुमार, रामाश्रय प्रसाद सिंह,ललन महतो,सर्वेंद्र कुमार,महेंद्र प्रसाद महतो, अखिलेश सिंह, किशोरी सिंह, संजीव कुशवाहा, कैलाश राय, अरुण शेखर कुंवर,रामनारायण सिंह, रंजीत कुमार सिंह टुनटुन,विमल कुमार, बिरिया देवी,अशरफी सहनी, राजगीर राम, विशाल कुमार, प्रकाश सिंह,अताउर रहमान, जगरनाथ कुंवर, वृंद साह, कृष्ण कुमार,दिलीप राय,अनिल सिंह बाबा, बिंदेश्वर राय,रजा अहमद, प्रेम पासवान,संतोष साह, दिनेश सिंह, रामकुमार झा,बनारसी ठाकुर,अशोक कुमार पप्पू, रामविलास राम, विरेन्द्र भगत, प्रवीण कुमार, रंजीत महतो,संजय कुमार राय ,अब्दुल समद खान,अयोध्या पंडित, मुकेश कुमार, अफ़रोज़ अहमद पप्पू, विद्याकर झा,रंजीत कुमार फोजी, निलमणी झा, संजीत कुशवाहा,राजकुमार साह, डॉ अमित कुमार मुन्ना, केशरी मेहता, बालेश्वर सिंह, दिनेश सिंह,छेदी लाल भरतिया, कृष्णदेव महतो, कृष्णदेव पासवान, दयानंद ठाकुर, राम विनोद चौधरी,रविन्द्र ठाकुर, विश्वनाथ चौधरी,श्रीती सिंह, बिमला देवी, सुनिता देवी ,उमेश कापर,मुकेश कुमार, तरुण सिंह, सत्यनारायण राय,गोल्डी सिंह , शंभू ठाकुर,रतन चौधरी, अजय कुमार,हजारी साह, सुजित कुमार आदि ने शोक व्यक्त किया है।

संक्षिप्त समाचार

## इसुज़ु मोटर्स इंडिया ने पटना में एक नई डीलरशिप का शुभारंभ किया

**पटना।** जापान की इसुज़ु मोटर्स लिमिटेड की सहायक कंपनी, इसुज़ु मोटर्स इंडिया ने आज पटना में एक नई 3एस डीलरशिप फैसिलिटी के उद्घाटन के साथ बिहार में अपनी मौजूदगी दर्ज की है। कंपनी ने इम्पीरियल इसुज़ु को शहर में अपना अधिकृत डीलर बनाया है और नए आउटलेट से बिक्री की शुरुआत करते हुए इसुज़ु पिक-अप (कमर्शियल एवं निजी वाहन) की रेंज को लॉन्च किया है। यह नई 3एस फैसिलिटी (सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर) पटना में दानापुर-खगौल रोड, सुभाष नगर के पास बेहद सुविधाजनक स्थान पर स्थित है, जहाँ ग्राहकों के लिए बेहद भरोसेमंद एवं कुशल इसुज़ु यूटिलिटी वाहन उपलब्ध हैं। इसुज़ु मोटर्स इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री तोरु किशिमोतो ने इस मौके पर अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, हमें विश्वस्तरीय इसुज़ु यूटिलिटी वाहनों की रेंज के साथ बिहार के ग्राहकों को अपनी सेवाओं की पेशकश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। आज हमने पटना में इस नई फैसिलिटी का शुभारंभ किया है, और हम राज्य में इसुज़ु वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। हम विश्व स्तर पर ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने के नज़रिये के अनुरूप अपने डीलरशिप का संचालन करते हैं, और ग्राहक इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि उन्हें सेल्स एवं सर्विस के मामले में हर समय उचित सहायता उपलब्ध होगी। मैं इम्पीरियल इसुज़ु को हमारे साथ शुरू किए गए इस सफ़र के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। इम्पीरियल इसुज़ु के डीलर प्रिंसिपल, श्री उदय शंकर ओझा ने कहा, हम इसुज़ु मोटर्स इंडिया के साथ जुड़कर बेहद खुश और उत्साहित महसूस कर रहे हैं। इसुज़ु वाहनों को अपनी विश्वसनीयता, टिकाऊपन और उम्दा प्रदर्शन के लिए जाना जाता है, जिन्हें ज़िंदगी भर चलने के लिए बनाया जाता है। ग्राहकों की संतुष्टि हमेशा से ही हमारे बुनियादी सिद्धांतों में से एक रहा है और हम ग्राहकों को अव्वल दर्जे की सेवाओं की पेशकश के इरादे पर अटल हैं, जिसके वे हकदार हैं। मैं इसुज़ु के मैनेजमेंट का शुक्रगुजार हूँ कि उन्होंने हमें इन विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं के साथ पटना और इसके आसपास के इलाकों के ग्राहकों की सेवा करने का अवसर दिया।

## ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा की




**पटना।** भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई) ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। टीसीआई ने 11,539 मिलियन रुपये का समेकित राजस्व अर्जित किया जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 10,115 मिलियन की तुलना में 14.1 प्रतिशत की वृद्धि है। ब्याज, कर, मूल्य ह्रास और परिशोधन से पहले कंपनी की कमाई (एबिटाद) 1478 मिलियन रुपये रही जो वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के 1276 मिलियन रुपये से 15.8 प्रतिशत अधिक है। पीएटी 27.3 प्रतिशत बढ़कर 1021 मिलियन रुपये हो गया जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 802 मिलियन रुपये था। इस तिमाही के वित्तीय परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, टीसीआई के एमडी विनीत अग्रवाल ने कहा, यह मजबूत प्रदर्शन हमारे सभी उद्यमो में संतुलित वृद्धि के माध्यम से प्राप्त किया गया है। हमारे नवाचारी समधानों और ग्राहक - केंद्रित दृष्टिकोण ने बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करते हुए हमारे हित धारकों के लिए मूल्य वर्धन किया है। हमने एफएमसीजी और रिटेल, कृषि, ऑटोमोटिव, इंजीनियरिंग उपकरण और ईपीआर जैसे क्षेत्रों से वेयर हाउसिंग और तापमान - नियंत्रित, 3 पीएल ग्रीन मल्टी मोडल समाधानों की मांग में वृद्धि देखी है।

## महापौर ने मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण की



**कटिहार।** 29 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता और दृढ़संकल्प के साथ बिहार की उन्नति की प्रगति यात्रा कटिहार जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के निमित्त आज महापौर उषा देवी अग्रवाल ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बीएमपी स्थित मुख्यमंत्री के हेलीपैड, सरीफगंज स्थित अल्पसंख्यक छात्रावास, हाजीपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज, राजेन्द्र स्टेडियम एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर, यात्रा की तैयारियों का जायजा ली। इस दौरान महापौर ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री कटिहार में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के साथ साथ विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इसलिए कार्यक्रम की भव्यता एवं गरिमा में कोई कमी न रहे और व्यवस्था जनाकांक्षाओं के अनुरूप हो। इसके लिए आज तमाम अधिकारियों के साथ आख़री दौर का निरीक्षण की जा रही है। जिला पदाधिकारी,पुलीस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी,नगर आयुक्त उपमहापौर मंजूर खान,स्थानीय निगम पार्षद मनीष घोष, नुसरत जहां, जासमिन खातून एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं नगर निगम व ज़िले के तमाम पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## महापौर ने मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण की




**कटिहार।** 29 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता और दृढ़संकल्प के साथ बिहार की उन्नति की प्रगति यात्रा कटिहार जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम के निमित्त आज महापौर उषा देवी अग्रवाल ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बीएमपी स्थित मुख्यमंत्री के हेलीपैड, सरीफगंज स्थित अल्पसंख्यक छात्रावास, हाजीपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज, राजेन्द्र स्टेडियम एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर, यात्रा की तैयारियों का जायजा ली। इस दौरान महापौर ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री कटिहार में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के साथ साथ विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इसलिए कार्यक्रम की भव्यता एवं गरिमा में कोई कमी न रहे और व्यवस्था जनाकांक्षाओं के अनुरूप हो। इसके लिए आज तमाम अधिकारियों के साथ आख़री दौर का निरीक्षण की जा रही है। जिला पदाधिकारी,पुलीस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी,नगर आयुक्त उपमहापौर मंजूर खान,स्थानीय निगम पार्षद मनीष घोष, नुसरत जहां, जासमिन खातून एवं अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं नगर निगम व ज़िले के तमाम पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# महाकुंभ तीर्थाटन को नया आयाम दे रही है रेलवे

नई सोच एक्सप्रेस

महाकुंभ 2025 के अमृत महोत्सव में भारतीय रेल ने सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। न केवल यातायात की सुविधा बढ़ाने तक यह सेवा सीमित है, बल्कि तीर्थयात्रियों को एक आरामदायक और खुशहाल यात्रा का भी अनुभव प्रदान किया गया है। श्रद्धा और आस्था की पुण्य भूमि प्रयागराज तक यात्रियों को पहुंचाने में भारतीय रेल ने विश्व स्तरीय आतिथ्य सेवा में जो योगदान दिया है, वह सदा स्मरणीय रहेगा। महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में रेलवे ने अपने इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाओं और सुविधाओं में बड़े सुधार किए हैं। इसके लिए नए और रचनात्मक उपायों को लागू किया है, जिसमें तरह-तरह की सुविधाएं शामिल हैं। भारतीय रेल कुंभ यात्रियों के लिए नए मानक स्थापित कर रहा है, जो भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

**आधुनिक सुविधाओं में तीर्थ यात्रा**-भारतीय रेल ने पवित्र संगम की यात्रा को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने का महत्वपूर्ण काम किया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए वित्त पोषण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले दो वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यात्री सुविधाओं में सुधार किया गया है। इससे रेलवे स्टेशन आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल गया है।

पहले रेलवे स्टेशन मुख्य रूप से रेलगाड़ियों के रुकने, यात्रियों के चढ़ने-उतरने और सामान ढुलाई के लिए उपयोग किए जाते थे। लेकिन समय के साथ स्टेशनों में सुधार हुआ और अब ऐसा लगता है कि रेलवे स्टेशन तीर्थ यात्रियों के स्वागत के लिए प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की अत्याधुनिक सुविधा सुकून देनेवाले हैं जो यात्रियों को आकर्षित करते हैं। कहा जाए, तो पहले के भीड़भाड़, शोरगुल वाले माहौल से बिल्कुल अलग भारतीय रेल का यह उपहार है आम यात्रियों के लिए।

**तीर्थयात्रियों के लिए कुछ और सुविधाएं**-रेलवे ने यात्रियों को रास्ता ढूंढने में मदद करने के लिए कुछ नई व्यवस्था बनाई है। स्टेशन पर अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग रंगों से चिह्नित किया गया है, ताकि यात्री आसानी से जान सकें कि उन्हें किस तरफ जाना है। टिकटों पर भी रंगों का उपयोग किया गया है, ताकि यात्रियों को यह समझने में मदद मिले कि उनकी ट्रेन कहां से चलेगी या किस प्लेटफॉर्म पर जाएगी। पांव संकेतक, जमीन पर बने होते हैं। ये यात्रियों को सही दिशा में जाने के लिए मार्गदर्शन कराने का काम करते हैं। रेलवे स्टेशन पर यह उन्नत सुविधा तीर्थयात्रा के अनुभव का आनंद बढ़ा देता है। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसके अनुकूल सारी सुविधाएं मिलती हैं।

**ठहरने की आरामदायक सुविधा**-कुंभ में रोजाना लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की संभावना को देखते हुए व्यापक पैमाने पर उनके लिए ठहरहने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आसान नहीं है। लेकिन भारतीय रेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। 17 नए यात्री आश्रय गृहों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन की क्षमता1,25,000 से अधिक यात्रियों के संभालने की है। पहले यह क्षमता मात्र 21,000 यात्रियों के लिए थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लैटफॉर्म के निर्माण किए गए और अब बढ़कर इसकी संख्या 48 हो गई है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर गंतव्य सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, शिशु-पोषण जोन और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं। राज्य सरकार ने खुसरो बाग को एक आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, निर्बाध आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च मांग के बावजूद सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

**आरामदायक एवं सुलभ सुविधाएं**-भारतीय रेल ने महाकुंभ 2025 का अनुभव सभी के लिए आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ सहायता बूथ और सामान ट्रॉलियां मुहैया कराना तीर्थयात्रियों जरूरी आवश्यकताएं पूरी करते हैं। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को विशेष रूप से सुगम और आरामदायक आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुसज्जित किया गया है। सरकार के 'सुगम्य भारत मिशन' के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई है। ये उपाय समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक हर कोई इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

**महाकुंभ की यात्रा के लिए अद्वितीय साधन**- परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बनाया है जो उत्थान और आरामदायक के साथ ही आधुनिक भी है। रेलवे तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही, महाकुंभ के अनुभव को अद्वितीय बनाने में अभिन्न भूमिका निभा रहा है। भारतीय रेल महाकुंभ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से धार्मिक आयोजनों में आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है, जिसमें प्रचालन के साथ ही आतिथ्य और देखभाल के साथ सद्भावना का भी संयोजन है।

## गणतंत्र दिवस ज़िला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर गांधी मैदान स्थित मुख्य समारोह में जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह द्वारा कारगिल चौक पर वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया। इस क्रम में अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गांधी मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात बीएमपी के जवान, जिला पुलिस बल-पुरुष, जिला पुलिस बल- महिला (डीएपी) तथा गृह रक्षा वाहिनी के जवानों की प्रत्येक टुकड़ी का निरीक्षण किया गया तथा प्रातः 9:00 बजे मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान में जिलाधिकारी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलावासियों को शुभकामना देते हुए जहानाबाद जिले की उपलब्धियां तथा जिले में हुए विकास और प्रगति पर चर्चा करते हुए कार्यान्वित योजनाओं एवं विकासशील कार्यों से जिलेवासियों को अवगत कराया। मुख्य समारोह स्थल गांधी मैदान में आयोजित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समाहरणालय परिसर में भी झंडोत्तोलन किया गया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा भी पुलिस लाइन में झंडोत्तोलन किया गया। उप विकास आयुक्त अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भी झंडोत्तोलन किया गया।

## तनाएरा ने लॉन्च किया अपना पहला विज्ञापन उषा उत्थुप और मृणाल ठाकुर के साथ

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने अपने ब्राण्ड के पहले कैंपेन का अनावरण किया, जो एक ही छत के नीचे भारत के विविध बुनकर समुदायों की कारीगरी, शुद्धता, भरोसे और प्रमाणिकता को लाने के ब्राण्ड के वादे पर रोशनी डालता है। इस विज्ञापन को मशहूर गायिका उषा उत्थुप और खूबसूरत मृणाल ठाकुर के साथ फिल्माया गया है। गौरतलब है कि उषा उत्थुप को साड़ियों के प्रति विशेष लगाव क लिए जाना जाता है। वे इस विज्ञापन के ज़रिए देश में टेक्सटाईल की धरोहर को बनाए रखने और बढ़ावा देने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। कैंपेन हाथ से बुनी साड़ियों और उनकी जुड़े कहानियों को बयां करते हुए तनाएरा को साड़ियों के बेहतरीन गंतव्य के रूप में मजबूती से स्थापित करता है, वे साड़ियां जो बड़ी ही खूबसूरती के साथ परम्परा और आधुनिक रूझानों के बीच तालमेल बनाती प्रतीत होती हैं। कैंपेन के लॉन्च पर बात करते हुए श्री अंबुज नारायण, सीईओ, तनाएरा ने कहा, तनाएरा में हमारा उद्देश्य प्रमाणिकता और पारदर्शिता को बनाए रखना है, वह भी उस कीमत पर जो मूल्य को प्रतिबिंबित करे। हम उन हाथों की कहानियों को उजागर करना चाहते हैं जो हर पीस को जीवंत बनाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। हम परम्परा और आधुनिकता के संयोजन का जश्न मनाते हैं, यह कैंपेन हमारी इसी दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है। हमारे लिए गर्व की बात है कि इस कहानी को बयां करने के लिए हमें उषा उत्थुप जैसी दिग्गज कलाकार और बेहद भव्य मृणाल ठाकुर के साथ जुड़ने का मौका मिला है। इस साझेदारी पर बात करते हुए अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कहा, तनाएरा और लिविंग लीजेंड उषा उत्थुप मैम के साथ इस कैंपेन के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। पिछले साल के दौरान तनाएरा के साथ मेरी साझेदारी बेहतरीन रही है। मुझे न सिर्फ उनके खूबसूरत डिज़ाइनों बल्कि विभिन्न प्रकार की कारीगरियों का अनुभव पाने का मौका भी मिला। कैंपेन पर विचार व्यक्त करते हुए गायिका उषा उत्थुप ने कहा, मेरे लिए साड़ी सिर्फ मेरा परिधान नहीं बल्कि मेरी व्यक्तिगत पहचान है। साड़ी बुनाई की कला को संरक्षित रखते हुए आधुनिकता के लिए तनाएरा की प्रतिबद्धता, सांस्कृतिक धरोहर एवं व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के मेरे मूल्यों से मेल खाती है।

## फ़िल्म "गुरमुख" की स्पेशल स्क्रीनिंग, केबलवन ओटीटी पर है उपलब्ध

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई।** फ़िल्म "गुरमुख" की स्पेशल स्क्रीनिंग मुम्बई के सिनेपोलिस फन रिपब्लिक थिएटर में की गई जहां फ़िल्म के निर्माता निर्देशक कलाकार और कई सेलेब्रिटीज़ उपस्थित रहे। यह केबलवन ऑरिजनल केबलवन ओटीटी प्लेटफार्म पर 9 भाषाओं पंजाबी, अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, स्पेनिश, चीनी और अरबी में स्ट्रीम कर रही है। निर्माता सुमित सिंह, गुरप्रीत सिंह (नीतू) की इस फ़िल्म के निर्देशक पाली भूपिंदर सिंह हैं। कुलजिंदर सिद्धू, सारा गुरपाल, गुरलीन चोपड़ा, सरदार सोही, आकांक्षा सरीन, अमनिंदर पाल सिंह, मलकीत रौनी, करण संधावालिया, राणा अहलूवालिया, तेजी संधू, गुरपतित टोटी, याद ग्रेवाल, हरजीत वालिया, अनीता शब्दीश जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों से सजी इस फ़िल्म में अनमोलदीप संधू, आशी सिंह मलिक जैसे बाल कलाकार भी हैं। फ़िल्म के सह निर्माता संदीप कक्कड़, कार्यकारी निर्माता जसबीर ढिल्लों, लेखक और निर्देशक पाली भूपिंदर सिंह हैं। सेलिब्रिटी गेस्ट्स में मुकेश ऋषि, ऐक्टर देव शर्मा, डी रंधावा, पंकज बेरी, सारा गुरपाल, गेवि चहल, स्टंट डायरेक्टर व विक्की कौशल के पिता श्याम कौशल सहित कई हस्तियां मौजूद रहीं। सभी ने फ़िल्म की प्रशंसा की और केबल वन ओरिजिनल पर इसकी रिलीज़ के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। बता दें कि केबलवन पंजाबी कहानियों को विश्व भर में पहुचाने वाला ओटीटी प्लेटफॉर्म है जो ब्लॉकबस्टर फिल्में, वेब सीरीज, ओरिजिनल, लाइव टीवी और रेडियो दर्शकों के लिए पेश करता है। केबलवन प्रीमियम, बेसिक और मासिक सहित कई सब्सक्रिप्शन प्लान ऑफर करता है। केबलवन यूजर्स को एक साथ कई डिवाइस पर लॉग इन करने की अनुमति देता है। केबलवन 24 घण्टे का डिजिटल रेडियो चैनल भी प्रदान करता है। पंजाब का सबसे बड़ा स्टूडियो, सागा स्टूडियो, केबलवन का पार्टनर है। सिमरनजीत सिंह केबलवन के सीईओ हैं।

## राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी 31जनवरी को पहुंचेंगे कटिहार

नई सोच एक्सप्रेस

» राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी अलग-अलग प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भागः सुनील यादव



**कटिहार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सह कटिहार प्रभारी शाहनवाज आलम 31 जनवरी को कटिहार पहुंचेंगे और कटिहार जिला के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी शाहनवाज आलम 31 जनवरी को कटिहार पहुंचेंगे जिसमें एक फरवरी को प्राणपुर के अलग-अलग जगह पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे जबकि दो फरवरी को कदवा विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और तीन फरवरी को मनिहारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए वापस पटना जाएंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि उनके आगमन को लेकर तमाम तैयारी पूरी कर ली गई है।

## विधान पार्षद ने रामपुर पहुंच कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



नई सोच एक्सप्रेस

**कटिहार।** 29 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार के प्रस्तावित प्रगति यात्रा कार्यक्रम में कोढ़ा विधानसभा के रामपुर पंचायत सरकार भवन में आगमन होने जा रहा है। इसकी तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने रामपुर पंचायत सरकार भवन का का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ठाकुर, कटिहार डीडीसी,भाजपा जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, रामनाथ पांडे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पर पूरी की जाएं।

## टीवी के 'प्रभु राम' अरुण गोविल महाकुंभ पहुंच कर बोले - अदाणी ग्रुप सेवा का बेहतरीन काम कर रहा है

नई सोच एक्सप्रेस



**गोड्डा प्रयागराज।** रामानंद सागर के सीरियल रामायण में भगवान राम का रोल निभाने वाले एक्टर और सांसद अरुण गोविल महाकुंभ मेला में भाग लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे। यहां वह पवित्र संगम में स्नान करने पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्होंने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में पवित्र डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने कहा कि मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती सभी का कल्याण करें। स्नान के अलावा वह मेला क्षेत्र में स्थित सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन पंडाल भी पहुंचे। अरुण गोविल ने भंडारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरण किया।

**जमकर की अदाणी ग्रुप की तारीफ**-इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए अरुण गोविल ने कहा कि अदाणी ग्रुप वैसे भी देश में काफी अच्छा काम कर रहा है लेकिन इस्कॉन के साथ जुड़कर तो वह और भी बहुत लोगों की मदद कर पा रहे हैं। उनका प्रयास बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि - यहां महाकुंभ में इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी फाउंडेशन अच्छा काम कर रहे हैं। इस्कॉन तो शुरू से जाना जाता है इन कामों के लिए और अदाणी फाउंडेशन भी जुड़ा है। दो और दो मिलकर चार हुए हैं । दोनों बहुत ही अच्छा काम कर रहे है। इस पुनीत कार्य के लिए अदाणी ग्रुप को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अरुण गोविल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा - सनातन संस्कृति का महोत्सव, आस्था का महायज्ञ ,एकता, समता, धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक तथा राष्ट्रीय एकता और समरसता को समर्पित विश्व का सबसे बड़ा महासमागम महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम में पावन स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती सभी का कल्याण करें।

**कई वीआईपी लगा चुके हैं डुबकी**-मंगलवार को कई नामी लोग कुंभ मेले में नजर आए। इनमें कोल्ड प्ले बैंड के लीड सिंगर क्रिस मार्टिन और अमेरिका के जानेमाने इंफ्युलएंसर नास डेली भी शामिल हैं। बता दें कि इससे पहले सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने परिजनों के साथ पवित्र संगम में डुबकी लगाई थी। इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। जानकारी के लिए बता दें कि हर दिन महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु डुबकी लगाते हैं। मेला प्रशासन के मुताबिक अबतक महाकुंभ में 14.76 करोड़ लोग डुबकी लगा चुके हैं।

# उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट। पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है। जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है। सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है। पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौंसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।

# सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे। इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुनः 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है। जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है। धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ऋषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं। खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून-मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है। ख्याल यह भी रहे कि भीड़ से बदरीनाथ केदारनाथ जैसी जगहों पर कूड़ा प्रबंधन, खुले में शौच रोकना जैसी समस्या भी हो जाती हैं। जोशीमठ जैसे नगरों के भूगर्भीय कारकों को तो बदला नहीं जा सकता। केवल उन कमजोरियों को और कमजोर न करने की दिशा में सचेत रहना होता है।

# अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत



आरती कुमारी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं। महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था। मोदी द्वारा लिखे गए नोट्स से पता चलता है कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने उनके जीवन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में भी स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। जिसमें युवा मोदी ने महात्मा गांधी के विचारों उद्धरत करके लिखा था, मैं सबसे बड़ी संख्या की सबसे बड़ी भलाई के सिद्धांत में विश्वास नहीं करता। यह 51 प्रतिशत की अच्छाई के लिए 49 प्रतिशत की भलाई का त्याग करना है। यह सिद्धांत एक क्रूर सिद्धांत है। इसके माध्यम से मानवता को काफी नुकसान हुआ है। मानवता के लिए एक मात्र सिद्धांत है कि सभी के लिए भलाई के काम में विश्वास करना।' मोदी सरकार सभी की भलाई के लिये काम करते हुए गांधी दर्शन को ही आगे बढ़ा रही है। मोदी का स्वच्छता मिशन गांधी की स्वच्छता सोच को ही आगे बढ़ाने का उपक्रम है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) भी गांधी के नाम पर चल रही योजना है। भारतीय मुद्रा से लेकर शासन-प्रशासन के हर कार्यस्थल पर गांधी है। हम गांधी के संवाद और सहिष्णुता के सिद्धान्तों को अपनाते हुए युद्ध, आतंकवाद और हिंसा को निस्तेज बना रहे हैं। दलित-आदिवासियों को न्याय और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदत्त कर रहे हैं तो भारतीय संस्कृति एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान में जुटे हैं। भारत माता, गौ माता और गंगा माता के सांस्कृतिक एवं धार्मिक चिन्तन को आगे बढ़ाते हुए गांधी की मूल अवधारणा को ही आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं। आज गांव, गरीब और स्वराज में गांधी की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक्-आचरण का अभाव अखरता है। गांधीजी ने इन स्थितियों को गहराई से समझा और अहिंसा को अपने जीवन का मूल सूत्र बनाया। यदि अहिंसा, शांति और समता की व्यापक प्रतिष्ठा नहीं होगी तो भौतिक सुख-साधनों का विस्तार होने पर भी मानव शांति की नींद नहीं सो सकेगा। महात्मा गांधी के सच्चे उत्तराधिकारी के रूप में नरेन्द्र मोदी हमारे सामने हैं, उनके प्रभावी एवं चमत्कारी नेतृत्व में हम अब वास्तविक आजादी का स्वाद चखने लगे हैं, आतंकवाद, जातिवाद, क्षेत्रीयवाद, अलगाववाद की कालिमा धूल गयी है, धर्म, भाषा, वर्ग, वर्ण और दलीय स्वार्थो के राजनीतिक विवादों पर भी नियंत्रण हो रहा है। इन नवनिर्माण के पदचिन्हों को स्थापित करते हुए हम गांधी को जीवंत बनाये हुए है, यही कारण है कि कभी हम स्कूलों में शोचालय की बात सुनते है तो कभी गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वयं झाडू लेकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए मोदी को देखते हैं। मोदी कभी विदेश की धरती पर हिन्दी में भाषण देकर राष्ट्रभाषा को गौरवान्वित करते है तो कभी "मेक इन इंडिया" का शंखनाद कर देश को न केवल शक्तिशाली बल्कि आत्म-निर्भर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं। नई खोजों, दक्षता, कौशल विकास, बौद्धिक संपदा की रक्षा, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन, श्रेष्ठ का निर्माण-ये और ऐसे अनेकों गांधी के सपनों को आकार देकर सचमुच लोकतंत्र एवं राष्ट्रीयता को सुदीर्घ काल के बाद सार्थक अर्थ दिये जा रहे हैं। हम देशवासियों के लिये अपूर्व प्रसन्नता की बात है कि गांधी की प्रासंगिकता चमत्कारिक ढंग से बढ़ रही है। देश एवं दुनिया उन्हें नए सिरे से खोज रही है। उनको खोजने का अर्थ है अपनी समस्याओं के समाधान खोजना, युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद की बढ़ती समस्या का समाधान खोजना। शायद इसीलिये कई विश्वविद्यालयों में उनके विचारों को पढ़ाया जा रहा है, उन पर शोध हो रहे हैं। आज भी भारत के लोग गांधी के पदचिन्हों पर चलते हुए अहिंसा, शांति, सह-जीवन, स्वदेशी का समर्थन करते हैं। गांधीजी आज संसार के सबसे लोकप्रिय भारतीय बन गये हैं, जिन्हें कोई हैरत से देख रहा है तो कोई कौतुक से। इन स्थितियों के बावजूद उनका विरोध भी जारी है। उनके व्यक्तित्व के कई अनजान और अंधेरे पहलुओं को उजागर करते हुए उन्हें पतित साबित करने के भी लगातार प्रयास होते रहे हैं, लेकिन वे हर बार ज्यादा निखर कर सामने आए हैं, उनके सिद्धान्तों की चमक और भी बढ़ी है। वैसे यह लम्बे शोध का विषय है कि आज जब हिंसा और शस्त्र की ताकत बढ़ रही है, बड़ी शक्तियां हिंसा को तीक्ष्ण बनाने पर तुली हुई हैं, उस समय अहिंसा की ताकत को भी स्वीकारा जा रहा है। यह बात भी थोड़ी अजीब सी लगती है कि पूंजी केन्द्रित विकास के इस तूफान में एक ऐसा शख्स हमें क्यों महत्वपूर्ण लगता है जो आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की वकालत करता रहा, जो छोटी पूंजी या लघु उत्पादन प्रणाली की बात करता रहा। सवाल यह भी उठता है कि मनुष्यता के पतन की बड़ी-बड़ी दास्तानों के बीच आदमी के हृदय परिवर्तन के प्रति विश्वास का क्या मतलब है? जब हथियार ही व्यवस्थाओं के नियामक बन गये हों तब अहिंसा की आवाज कितना असर डाल पाएगी? एक वैकल्पिक व्यवस्था और जीवन की तलाश में सक्रिय लोगों को गांधीवाद से ज्यादा मदद मिल रही है। आज जबकि समूची दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी संघर्षरत लोगों के लिये गांधी का सत्याग्रह ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है। पर्यावरणवादी हों या अपने विस्थापन के विरुद्ध लड़ रहे लोग, सबको गांधीजी से ही रोशनी मिल रही है। गांधी की अहिंसा से सहयोग, सहकार, सहकारिता, समता और समन्वय जैसे उत्तम व उपयोगी मानवीय मूल्य जीवन्त हो रहे हैं। समस्त समस्याओं का समाधान भी एक ही है, वह है-अहिंसा। अहिंसा व्यक्ति में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है और किसी भी तरह के खतरे का भय हमेशा बना हुआ है। मनुष्य, मनुष्यता और दुनिया को बचाने के लिए गांधी से बढ़कर कोई उपाय-आश्रय नहीं हो सकता।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मेहनत से विश्व आर्थिक मंच पर महाराष्ट्र अव्वल

अशोक भाटिया मुंबई (महाराष्ट्र)

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति की महाजीत के बाद भाजपा ने के नए बड़े पोस्टर ब्वॉय बनकर उभरे सीएम देवेंद्र फडणवीस का दावोस में जलवा सामने आया है। सीएम फडणवीस की अगुवाई में महाराष्ट्र में इतिहास रचते हुए वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम 2025 की मीटिंग में राज्य के लिए कुल 54 एमओयू साइन करते हुए 15.70 लाख करोड़ रुपये की निवेश के दरवाजे खोले हैं। इन भारी भरकम रकम के निवेश से महाराष्ट्र में 15.95 लाख रोजगार का सृजन होगा। यह ऐसे वक्त पर हुआ है जब स्विटजरलैंड में फडणवीस का डंका बजा है तो वहीं दूसरी दिल्ली चुनावों में भी फडणवीस की डिमांड सामने आई है। ज्ञात हो कि दावोस में वार्षिक वित्त सम्मेलन में, महाराष्ट्र ने रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र को देश में सबसे अधिक निवेश आकर्षित करने की उम्मीद और महाराष्ट्र द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की संख्या भी सबसे अधिक । इस वर्ष, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कई राज्य मंत्री दावोस में थे। लेकिन पार्टी फैंस के बीच भी बातचीत हुई। महाराष्ट्र ने टूर्नामेंट जीत लिया है। हमने 15,70,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना है। यह छलांग बहुत बड़ी है। जैसे ही यह खबर सामने आने लगी, दो आपत्तियां सामने आईं: पहला, दावोस को भारतीय कंपनियों के साथ अनुबंध क्यों किया जाना चाहिए? यह यहां भी किया जा सकता था, और दूसरा, क्या इतने समझौते हुए होंगे जो महाराष्ट्र में बेरोजगारी की समस्या को हल करेंगे और राज्य के विकास में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करेंगे? दावोस में भारतीय कंपनियों के साथ गठजोड़ करने के दोनों ओर कारण हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में, दावोस इस तरह की वार्षिक आर्थिक गतिविधि के लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। गौरतलब है कि विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन दावोस, स्विट्जरलैंड में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें उद्योग, मीडिया, ऊर्जा क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों सहित दुनिया भर के राजनेताओं, अर्थशास्त्रियों के साथ-साथ गणमान्य व्यक्ति, विद्वान और विचारक शामिल होते हैं। सम्मेलन में कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। इस आर्थिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के प्रमुख मुद्दों और उत्पन्न होने वाले संकटों और चुनौतियों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करना है, साथ ही सामूहिक सहमति कैसे बनाई जाए। आम तौर पर, पिछले तीन दशकों से आर्थिक वैश्वीकरण की प्रक्रिया को तेज किया गया है। नतीजतन, कोई भी स्थानीय मुद्दा तुरंत वैश्विक हो रहा है। ऐसे सम्मेलनों का एक अलग महत्व है क्योंकि ऐसे मुद्दों के वैश्विक समाधान आवश्यक हो गए हैं। बेशक इन सम्मेलनों में आमंत्रित लोगों का उद्योग जगत में बहुत सम्मान किया जाता है और कई देशों के वाणिज्य मंत्री, वित्त मंत्री और कई देशों के राज्यों के मंत्री सम्मेलन में शामिल होते हैं, जिसमें कई देशों ने अपने देश को उद्योग और निवेश के अनुकूल बनाया है। इसे प्रस्तुत कर विदेशी निवेश को आकर्षित करने का प्रयास किया जाता है। विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन का आयोजन उसी तरह किया जाता है जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र महासभा का वार्षिक सत्र सितंबर के महीने में आयोजित किया जाता है और सम्मेलन में दुनिया भर के 194 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि भाग लेते हैं। मुख्यमंत्री की यात्रा महाराष्ट्र के आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही । विश्व आर्थिक मंच एक अनौपचारिक मंच है, आमतौर पर 1500 से 2000 तक। इस सम्मेलन में लोग शामिल होते हैं। हाल के वर्षों में, दावोस सम्मेलन के बारे में दुनिया भर में मुख्य रूप से ऑक्सफैम इंटरनेशनल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के कारण चर्चा की गई है। ऑक्सफैम दुनिया भर के आर्थिक मुद्दों से जुड़े मुद्दों पर अपनी रिपोर्ट शोध और प्रकाशित करता है। इसी साल अपनी रिपोर्ट में ऑक्सफैम ने आधिकारिक तौर पर जानकारी प्रकाशित की थी कि औपनिवेशिक काल में ब्रिटेन ने किस तरह भारत पर अपना साम्राज्य स्थापित कर खरबों डॉलर लूटे. इकोनोमिक फोरम के वार्षिक सम्मेलन का एक मुख्य लाभ यह भी है कि इसमें आर्थिक और व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और विदेशी निवेश बढ़ाने के तरीके पर दुनिया भर के नेताओं, उद्यमियों और व्यापारिक नेताओं के बीच महत्वपूर्ण चर्चाएं होती हैं। इसलिए यह सम्मेलन भारत के साथ-साथ महाराष्ट्र के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, हम सभी एक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय हैं। विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अगले 25 वर्षों के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर है। इसे 5 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ाया जाए और फिर इसे 10 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ाया जाए, जिससे वर्तमान में प्रत्येक भारतीय की प्रति व्यक्ति आय 1800 डॉलर तक बढ़ जाए। यह पता लगाने के प्रयास चल रहे हैं कि एक हजार डॉलर कैसे प्राप्त करें। जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत का लक्ष्य रखा गया है, उसी तरह महाराष्ट्र ने भी 'विकसित महाराष्ट्र' बनने का संकल्प लिया है। इसके मुताबिक जब भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा तो महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। 'विकसित महाराष्ट्र' का लक्ष्य तीन महत्वपूर्ण बातों पर केंद्रित है: पहला संसाधनों का विकास, दूसरा है प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाना और तीसरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के माध्यम से कौशल आधारित नई पीढ़ी तैयार करना। इन तीन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 'विकसित महाराष्ट्र' ने एक अलग योजना तैयार की है और इस वर्ष मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दावोस यात्रा इसी दिशा में एक कदम है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में, लगभग 5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं । इन निवेशों से रक्षा, हरित ऊर्जा, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, सीमेंट, इस्पात और विभिन्न धातु उद्योगों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास में तेजी आएगी। 'विकसित महाराष्ट्र' के लिए, हमें बहुत अधिक विदेशी निवेश की आवश्यकता होगी क्योंकि रेलवे के विकास, सड़कों के निर्माण, बंदरगाहों के विकास, बड़े पैमाने के हवाई अड्डों के निर्माण जैसे संसाधनों के विकास के लिए पूंजी की आवश्यकता होगी। दूसरे,ब्रांड इंडिया की तरह 'ब्रांड महाराष्ट्र' भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विदेश यात्राओं के दौरान भारत में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी देते हुए वहां के निवेशकों और उद्यमियों से भारत में निवेश करने और उद्योग लगाने की अपील की। इसी तरह महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत वाली सरकार, सामाजिक स्थिरता, बुनियादी ढांचा आदि के रूप में देवेंद्र फडणवीस ने दावोस के मंच से महाराष्ट्र में सामाजिक स्थिरता, बुनियादी ढांचा आदि में भाग लिया। इन उद्योगों के लिए संचार के साधन अच्छी तरह से उपलब्ध हैं, इसलिए वे कह रहे हैं कि महाराष्ट्र बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विदेशी निवेशकों के लिए एक अच्छा निवेश गंतव्य है। इसके माध्यम से 'ब्रांड महाराष्ट्र' को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस उसी तरह का काम कर रहे हैं जैसे प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रांड इंडिया' का अंतर्राष्ट्रीयकरण किया था। यह मुख्य रूप से कुछ विशिष्ट उद्योगों पर केंद्रित है और ऑटोमोबाइल उद्योग प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। यूरोपीय देशों के पास उपलब्ध ऑटोमोबाइल उद्योग की नवीनतम तकनीक को महाराष्ट्र में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तरह, दुनिया भर के उद्यमियों को सेमीकंडक्टर सेक्टर में महाराष्ट्र में निवेश करने और यहां परियोजनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत ने 2029 तक सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा है। भारत ने न केवल आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया है, बल्कि अर्धचालकों का निर्यातक भी बनने का संकल्प लिया है। ताइवान, जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को महाराष्ट्र लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। रसायन जैसे क्षेत्रों में भी विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए योजनाबद्ध कदम उठाए जा रहे हैं। विकसित महाराष्ट्र और विकसित भारत एक दूसरे के पूरक हैं। अतीत में, दावोस जैसे वैश्विक सम्मेलनों में केवल केंद्र सरकार और उसके प्रतिनिधि शामिल होते थे। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को नहीं भेजा जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने इस प्रवृत्ति को बदल दिया। पिछले 10 वर्षों में, विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों और राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा रही है। यह देवेंद्र फडणवीस की दावोस की चौथी यात्रा है। इन सम्मेलनों में उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन तैयार किए जाते हैं और फिर अनुमोदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, वास्तविक उद्योग स्थापित किया जाता है। इन सम्मेलनों की उपस्थिति महाराष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए, व्यापार की वृद्धि के लिए, औद्योगिक विकास के लिए, संसाधनों के विकास के लिए और सबसे महत्वपूर्ण इन सभी के माध्यम से बड़े पैमाने पर राज्य में नौकरियों के सृजन के लिए महत्वपूर्ण है। अनुमान है कि अगर सभी वादे किए गए प्रोजेक्ट ठीक रहे तो इस साल 16 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी, जो बेरोजगारी की चुनौती को देखते हुए भले ही बड़ी संख्या न लगे, लेकिन वास्तविक रोजगार का तीन गुना सृजन हो। लाभ महत्वपूर्ण हैं। इस बार गढ़चिरौली जिले में रिकॉर्ड निवेश आएगा। यह एक आशाजनक बात है। यह सभी के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। जैसा कि उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा, अगर निवेश 'चांदी से चांदी तक' आता है, तो क्षेत्रीय असंतुलन थोड़ा कम हो जाएगा. अगर महाराष्ट्र इस निवेश को लाभदायक बनाना चाहता है, तो उसे सड़कों, रेलवे, पानी की सुविधाओं और कानून व्यवस्था पर पूरा ध्यान देना होगा। ठेकेदारों और स्थानीय राजनीति को औद्योगिक ठेकेदारों और स्थानीय राजनीति के जाल को हल करना होगा। वर्तमान में, जब भी घरेलू या विदेशी उद्योग महाराष्ट्र में आते हैं, तो उन्हें कई प्रकार की संगठित दादागिरी और गुंडागर्दी का सामना करना पड़ता है। यह होगा। तभी दुनिया के उद्योग महाराष्ट्र में आत्मविश्वास महसूस करेंगे और दावोस में इस रिकॉर्ड सफलता के वास्तविक अर्थ होंगे साथ ही इसके माध्यम से महाराष्ट्र को एक मॉडल विकसित करना होगा क्योंकि महाराष्ट्र कई वर्षों से राष्ट्रपति या मार्गदर्शक राज्य रहा है। इसलिए, विदेशी निवेश, महाराष्ट्र में विदेशी उद्योगों को आकर्षित कर राज्य का विकास कैसे किया जाता है, इसका मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक होगा।




**मेष राशि** : आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

**वृष राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है।

**मिथुन राशि**: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यवहार को सहज बनाकर रखें।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे ख़ुशी बढ़ेगी।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। बड़े-बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिल सकते हैं। अपनी पुरानी यादों को लेकर आपस में चर्चा करेंगे।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। आज सरकारी सेवारत लोगों को ऑफिस संबंधी किसी बदलाव की सूचना मिल सकती हैं।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज गुस्से की बजाय धैर्य से परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

**धनु राशि** : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी। कंपनी में अच्छा काम करने से बॉस द्वारा अच्छी रेटिंग मिल सकती है। आज व्यापार में आपको ज्यादा लाभ मिलेगा।

**मकर राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे। आपको शुभ सन्देश मिलेगा जिससे मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ राशि** : आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा। विद्यार्थियों का दिन आज व्यस्त रहेगा। आज आपको अधिक क्रोध से बचना होगा, नहीं तो आपको ही परेशानी होगी। दांपत्य जीवन में एक नया खुशी का पल आयेगा, आपको संतान सुख मिलेगा।

# आजकल घरेलू क्रिकेट से लय हासिल कर रहे शुभमन




**बेंगलुरु**। युवा बल्लेबाज शुभमन गिल पिछले कुछ समय से अपनी नाम के अनुरुप बल्लेबाजी नहीं कर पा रहे हैं। इसी को लेकर शुभमन का कहना है कि वह कई बार बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर जरुरत से ज्यादा दबाव ले लेते हैं। शुभमन आजकर रणजी ट्रॉफी में अपनी बल्लेबाजी को निखारने में लगे हैं। शुभमन ने कर्नाटक के खिलाफ शानदार शतक लगाकर अपनी टीम को बेहतर स्थिति में भी पहुंचाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनका प्रदर्शन खराब रहा था। वह 5 पारियों में 18.60 के खराब औसत से 93 रन ही बना पाए थे। अपनी फार्म को लेकर शुभमन ने कहा कि मुझे लगता है कि जिस तरह से मैंने खेला, रणजी की पारी मेरे लिए बहुत संतोषजनक थी। मुझे लगता है कि हम किसी भी स्तर पर कोई भी पारी खेलें, रन बनाने, फॉर्म में वापस आने और वैसा महसूस करने में सक्षम होना बहुत महत्वपूर्ण है। जब आप उस क्षेत्र में रहते हुए अच्छा खेल रहे हों, तो उसमें बने रहना महत्वपूर्ण है वह क्षेत्र जितना संभव हो सके उतना लंबा था और जब मैं वहां बल्लेबाजी कर रहा था तो मैं यही करने की कोशिश कर रहा था। हालांकि वह अभी भी टेस्ट क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, उनका कहना है कि बड़ा स्कोर बनाने का दबाव बहुत अधिक हो जाता है और इससे उनका ध्यान और एकाग्रता खो जाती है। उन्होंने अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने की क्षमता पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कभी-कभी, मुझे लगता है कि लाल गेंद से मैं जो मैच खेलता हूं उनमें मुझे बहुत अच्छे 25-30 रन मिलते हैं। उन्हें बड़े स्कोर में बदलने के लिए कई बार मैं अपने ऊपर बहुत अधिक दबाव ले लेता हूं। मैं इस तरह से अपना खेल खेलते हुए बड़ा नहीं हुआ हूं। शुभमन का 32 टेस्ट और 59 पारियों के बाद टेस्ट औसत सिर्फ 35.05 है। उन्होंने अपने करियर में 5 शतक, 7 अर्धशतक और 128 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1,893 रन बनाए हैं। वहीं अपनी 59 में से 34 टेस्ट पारियों में वह 20 से ज्यादा रन नहीं बना पाए।

# एबी डिविलियर्स की चार साल बाद क्रिकेट में वापसी, डब्ल्यूसीएल में करेंगे साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी

**नई दिल्ली**। क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खबर आई है। दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने चार साल के लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट में अपनी वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम की कप्तानी करेंगे। यह टी20 टूर्नामेंट सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों को एक साथ लाकर प्रशंसकों को पुरानी यादों और रोमांच का अनुभव कराने का वादा करता है।

**डिविलियर्स का बयान-** डब्ल्यूसीएल द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में एबी डिविलियर्स ने कहा, "चार साल पहले, मैंने क्रिकेट से संन्यास लिया क्योंकि खेलने की मेरी इच्छा खत्म हो गई थी। लेकिन मेरे छोटे बेटों के साथ बगीचे में क्रिकेट खेलते-खेलते मेरे अंदर की लौ फिर से जल उठी। अब मैं जिम और नेट्स पर वापसी कर रहा हूं और जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा।" डिविलियर्स की निडर बल्लेबाजी और बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा ने हमेशा प्रशंसकों का दिल जीता है। उनकी वापसी की खबर से क्रिकेट जगत में नई ऊर्जा भर गई है।




**गेम चेंजर्स टीम के लिए बड़ी उपलब्धि-** डिविलियर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस का नेतृत्व करेंगे, जो पहले सीजन में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन, और इमरान ताहिर जैसे दिग्गजों से सजी हुई थी। टीम के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने कहा,

"हम डब्ल्यूसीएल में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान खिलाड़ियों की प्रतिभा प्रदर्शित करने को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है, और उनके नेतृत्व में हम नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे।"

**सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा,-** "एबी डिविलियर्स सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि एक प्रेरणा हैं। उनकी वापसी खेल के प्रति उनके प्रेम और समर्पण को दर्शाती है। यह लीग और हमारी टीम के लिए ऐतिहासिक क्षण है।"

**डब्ल्यूसीएल की शुरुआत और उद्देश्य-** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का उद्देश्य क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों को एक बार फिर मैदान पर देखने का मौका देना है।

**लीग के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने कहा,-** "हमने डब्ल्यूसीएल की शुरुआत उन दिग्गजों को वापस लाने के लिए की, जिन्हें हम बहुत याद करते हैं। एबी डिविलियर्स की वापसी से हमें गर्व है, और मुझे यकीन है कि दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसक इस खबर से खुश होंगे।"

**डिविलियर्स का गौरवशाली करियर-** डिविलियर्स को क्रिकेट इतिहास के सबसे प्रतिभाशाली और इनोवेटिव खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 114 टेस्ट, 228 वनडे, और 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। उनकी बल्लेबाजी का आक्रामक अंदाज और मैदान पर उनकी बहुमुखी प्रतिभा उन्हें खास बनाती है। डब्ल्यूसीएल में उनकी वापसी न केवल उनके प्रशंसकों के लिए एक खुशी की बात है, बल्कि यह क्रिकेट जगत के लिए भी एक रोमांचक अध्याय की शुरुआत है। लीग का आयोजन जुलाई 2025 में होगा, और यह टूर्नामेंट क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार साबित होने वाला है।

## श्रीलंका के खिलाफ इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेंगे : हेड



**कोलंबो**। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के के उप-कप्तान ट्रैविस हेड ने कहा है इस माह के अंत में श्रीलंका दौरे में उनकी टीम इस प्रकार के बदलावों के साथ उतरेगी। दोनो ही टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज 29 जनवरी से गॉल शुरु होगी। इस सिरीज से पैट कमिंस के बाहर होने के कारण अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ टीम की कप्तानी करेंगे। हेड ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस समय किस क्रम पर बल्लेबाजी करने जा रहा हूं। हम देखेंगे कि अगले कुछ दिनों में विकेट कैसा रहता है। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे कि क्या बदलाव आते हैं। मुझे लगता है कि हमारी टीम में शामिल खिलाड़ी काफी अनुभवी है और इसमें कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जो विभिन्न भूमिकाओं और विभिन्न हालातों में ढ़ल सकते हैं, हम अलग-अलग लोगों को शामिल कर सकते हैं। ये सवाल उठ रहा है कि ऑस्ट्रेलिया को पारी की शुरुआत के लिए इस सीरीज में उस्मान ख्वाजा के साथ युवा सैम कोंस्टास को भेजना ठीक रहेगा या नहीं इसी को लेकर हेड ने कहा, हम बस इतना करने का प्रयास कर रहे हैं कि टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या लचीलापन हो सकता है और उसी पर ध्यान देंग। इस समय बहुत से लोग जानना है रहे है कि मैं कहां बल्लेबाजी कर सकता हूं, पर ये हालातों पर आधारित रहेगा। ये सभी खिलाड़ियों के साथ होगा। मुझे लगता है कि यह टीम काफी अनुभवी है और एक बेहतरीन स्थिति में है, जहां खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर हर जगह पर उतरने के लिए तैयार रहेंगे। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने जब 2022 में श्रीलंका का दौरा किया था तब हेड ने तीन पारियों में बल्ले से सिर्फ 7.66 का औसत बनाया था और उन्हें नागपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर रखा गया था। लेकिन वह भारत में अगले तीन टेस्ट में 47 का औसत बनाने में सफल रहे जिसमें इंदौर में मैच जीतने वाली पारी भी शामिल है। अब श्रीलंका लौटने पर हेड ने कहा कि 2022 की तुलना में अब वह एक बदले हुए बल्लेबाज हैं। हेड ने कहा, मैं पिछली बार यहां और पाकिस्तान में थोड़े बदलाव से गुजरा था। मैंने थोड़ा और पारंपरिक खेलने का प्रयास किया। वह भारतीय सीरीज ऐसी थी जो एक या दूसरे तरीके से जा सकती थी। मैं अच्छा नहीं खेलता, और शायद मैं फिर कभी उपमहाद्वीप का दौरा न देखूं। या मैं वहां जाकर वही करूं जो मैं पिछले कुछ सालों से कर रहा हूं और थोड़ा अधिक आराम से खेलूं और इस बारे में चिंता न करूँ कि परिणाम क्या हो सकता है।


## मंधाना ने बेट्स की बराबरी की



**मुम्बई**। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना पिछले एक साल में प्रदर्शन इतना अच्छा रहा है कि उन्हें आईसीसी को 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का अवार्ड तक देना पड़ा। मंधाना ने पिछले साल 13 एकदिवसीय मैच खेले और चार शतकों और तीन अर्धशतकों की मदद से 747 रन बनाए। यह महिला क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड है क्योंकि उन्होंने अपनी इन पारियों के दौरानप 95 चौके और छह छक्के सहित साल भर में 100 से ज्यादा बार गेंद सीमा रेखा के बाहर भेजी। अब वह न्यूजीलैंड की बल्लेबाज सूजी बेट्स के एक से ज्यादा बार आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने के रिकॉर्ड की भी बराबरी पर भी पहुंची है। मंधान को इससे पहले साल 2018 में भी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड मिला था। इस बार इस अवार्ड के लिए मंधाना की टक्कर दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट, श्रीलंकाई कप्तान चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनेबल सुथरलैंड से थी। वोल्वार्ड्ट ने भी पिछले साल एक में शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने 12 मैचों में 697 रन बनाए जबकि श्रीलंका के लिए नौ मैचों में अटापट्टू ने कुल 458 रन बनाए। मंधाना ने पिछले हफ्ते आईसीसी महिला एकदिवीसय और टी20 टीम ऑफ द ईयर 2024 में जगह बनाई थी।

# आईसीसी पर भड़के चैपल , मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार करा रहे

**दो-स्तरीय प्रणाली अब तक लागू हो जानी चाहिये थी**



**सिडनी**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कामकाज के तरीके की कड़ी आलोचना की है। चैपल ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट को बढ़ावा देने की जगह पर एक एक 'इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की तरह काम कर रही है। चैपल के अनुसार आईसीसी की इसी कमजोरी का लाभ उठारक आर्थिक रूप से मजबूत बोर्ड अपने अनुसार कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं पर इससे टेस्ट क्रिकेट को नुकसान हो रहा है। चैपल का यह भी मानना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए अब तक दो-स्तरीय प्रणाली लागू कर देंनी चाहिए थी पर ऐसा नहीं हुआ है। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए अन्य अहम कदम भी उठाए जाने चाहिए थे पर आईसीसी ने अब तक ऐसा कुछ नहीं किया है। चैपल ने कहा कि द्विस्तरीय टेस्ट प्रणाली को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाजी चैंपियन माइकल होल्डिंग ने कहा था, अपनी सभी गलतियों के बावजूद फीफा कम से कम फुटबॉल का संचालन तो ठीक से करता है पर आईसीसी ऐसा नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि इससे खेल में मुशिलें आ रही हैं। आईसीसी क्रिकेट का सही से संचालन नहीं करती है और जब तक उसकी सोच में बदलाव नहीं आता है तब तक आर्थिक रूप से संपन्न देश अपने स्वार्थ के लिए उसके जरिये कार्यक्रम तैयार करते रहेंगे। चैपल ने हालांकि माना की भारत से क्रिकेट की आय में लगभग 70 प्रतिशत का योगदान होता है और आईसीसी में उसकी मजबूत उपस्थिति इस योगदान के कारण ही है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को दो भागों में विभाजित करने की जरुरत है। जिससे भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों को एक दूसरे के खिलाफ अधिक मैच खेलने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली काफी पहले ही लागू हो जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ टीमें ही पांच दिवसीय प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हैं। चैपल ने इसके साथ ही कहा कि अफगानिस्तान और आयरलैंड जैसे देशों को टेस्ट दर्जा नहीं दिया जाना चाहिए था लेकिन स्वार्थवश यह कदम उठाया गया।

## व्यापार

# बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरुआत

**सेंसेक्स 350 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,900 के ऊपर**



**मुंबई**। वैश्विक बबजरि से मिले अच्छे संकेतों की वजह से मंगलवार के कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 370.49 अंकों की बढ़त के साथ 75,736.66 पर कारोबार करता नजर आया, जबकि निफ्टी50 106.10 अंकों की बढ़त के साथ 22,935.25 पर कारोबार करता दिखा। बीएसई सेंसेक्स पर 30 में से 21 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। बीएसई पर श्रीराम फाइनेंस, इंफोसिस और एक्सिस बैंक के शेयरों में 2 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई है। वहीं कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आईटी और तेल व गैस शेयरों में भारी बिकवाली से सोमवार को बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 824 अंक टूटकर सात महीने के नए निचले स्तर पर आ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 824.29 अंक की गिरावट के साथ 75,366.17 पर बंद हुआ। इसमें से 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए जबकि सात शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दिन के कारोबार के दौरान सूचकांक 75,925.72 के उच्चतम और 75,267.59 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। 50 शेयरों वाला प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 263.05 अंक की गिरावट के साथ 22,829.15 पर बंद हुआ, जो 6 जून 2024 के बाद पहली बार 23,000 के र से नीचे चला गया। वहीं वॉल स्ट्रीट पर टेक शेयरों में भारी गिरावट के चलते जापानी बाजार मंगलवार को दबाव में रहे। कई एशिया-प्रशांत बाजार, जैसे ताइवान, दक्षिण कोरिया, चीन और ऑस्ट्रेलिया, छुट्टी के कारण बंद रहे। अमेरिका में, एसएंडपी 500 और नेस्डेक में भारी गिरावट दर्ज की गई। नेस्डेक में 3.07 फीसदी की गिरावट आई, जबकि एसएंडपी 500 1.46 फीसदी नीचे बंद हुआ। हालांकि, डाओ जोंस 0.65 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत



**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार आज लगातार तीसरे दिन गिरावट नजर आ रही है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये से लेकर 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,390 रुपये से लेकर 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और PM मोदी के बीच फोन पर बातचीत;भारत ने फिर की इराक की मदद, कुर्दिस्तान क्षेत्र के लिए भेजी मानवीय सहायता
2 Rules Change: पाकिस्तान और चीन के लोगों की संपत्ति होगी जब्त,कानून बदलने जा रही है भारत सरकार;नीतीश के बेटे के राजनीति में आने की अटकलें तेज,अगले महीने जेडीयू में हो सकते हैं शामिल
3 यमुना वाटर वॉरः आतिशी के बाद अब चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचे हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी;दिल्ली की सड़कें देखकर मैं हैरान रह गया,विकासपुरी की रैली में बोले यूपी के सीएम योगी
4 PM बोलेःभारतीय युवाओं के बिना भविष्य की कल्पना नहीं,इनके पास वो शक्ति,जो 21वीं सदी में दुनिया के विकास की दिशा तय करेगी
5 AAP भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गई है, मंगोलपुरी की रैली में बोले यूपी के सीएम योगी
6 आज शाम 5 बजे चुनाव आयोग जाएगा BJP प्रतिनिधिमंडल, नायब सिंह सैनी भी रहेंगे मौजूद
7 पिछले 10 वर्षों में कितने सरकारी स्कूलों को बंद किया गया?' BJP नेता प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल से पूछे 10 सवाल
8 दिल्ली चुनावःताहिर हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से प्रचार के लिए मिली कस्टडी पैरोल
9 अयोध्या में उमड़ी भीड़,चंपत राय ने की श्रद्धालुओं से 15-20 दिन बाद आने की अपील
10 प्राइवेटाइजेशन और कॉन्ट्रैक्ट जॉब गरीबों के हक छीनने के हथियारःराहुल गांधी
11 देहरादूनःराष्ट्रीय खेल स्थल जीरो जोन घोषित,PM मोदी आज 3.15 बजे पहुंचेंगे
12 पंजाब कांग्रेस चीफ का केजरीवाल पर निशाना,बोलेःवो रोज नई कहानियां बनाते हैं
13 UPःबागपत हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 7 हुआ
14 भारत में आज कॉन्सर्ट इकोनॉमी सेक्टर बढ़ रहा है,बोले PM मोदी
15 दिल्ली चुनावःशाम 4 बजे चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचें AAP नेता
16 किसानों और मध्यम वर्ग के कर्ज माफ किए जाएं,केजरीवाल की केंद्र से मांग
17 बॉर्डर पार कर के दिल्ली तक कैसे आए बांग्लादेशी,सौरभ भारद्वाज का केंद्र से सवाल
18 भोपालःRTO के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा को लोकायुक्त ने कस्टडी में लिया
19 दिल्ली चुनावः वाल्मीकि मंदिर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी
20 सैफ अटैक केसः पुलिस ने दर्ज किया आरोपी के पश्चिम बंगाल में रहने वाले रिश्तेदार का बयान
21 महाराष्ट्रःठाणे के हाइपरसिटी मॉल में लगी भीषण आग,दमकल की गाड़ियां मौजूद
22 झांसी से प्रयागराज जा रही ट्रेन पर भीड़ ने किया हमला
23 जम्मू-कश्मीर में 6 ठिकानों पर NIA की छापेमारी,आतंकी साजिश से जुड़ा है मामला
24 महाकुंभ 2025 में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा हुआ 15 करोड़ के पार
25 दिल्ली चुनावः आज अमित शाह, केजरीवाल,राहुल गांधी और CM योगी किए रैली
26 सिरसा डेरा प्रमुख राम रहीम को फिर मिली पैरोल
27 दिल्लीःबुराड़ी बिल्डिंग हादसे में मृतकों की संख्या हुई 3
28 केजरीवाल पर केस करेगी हरियाणा सरकार,BJP पर लगाया था यमुना में जहर मिलाने का आरोप
29 प्रधानमंत्री मोदी आज देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किए
30 प्रयागराजःबाबा रामदेव ने लगातार दूसरे दिन योग और ध्यान शिविर का आयोजन किया
31 1984 सिख विरोधी दंगाःजगदीश टाइटलर के खिलाफ मामले की सुनवाई आज होगी
32 अमेरिका ने सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों को WHO के साथ काम नहीं करने का निर्देश दिया
33 बुराड़ी में चार मंजिला इमारत ढहना बड़ी लापरवाहीःमनोज तिवारी
34 प्रियंका गांधी आज अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड पहुंची
35 प्रधानमंत्री आज 'उत्कर्ष ओडिशा-मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' में शामिल हुए
36 सीएम योगी आज दिल्ली में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किए
37 दिल्लीःताहिर हुसैन की जमानत याचिका पर SC में सुनवाई
38 India-China: कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर शुरू,भारत-चीन में हवाई सेवाओं पर भी बनी सहमति
39 वक्फ कानून में संशोधन के सभी 14 प्रस्ताव पास,विपक्ष के सभी 44 सुझाव संसदीय समिति से खारिज
40 सोलापुर में GB सिंड्रोम,एक दिन में 9 नए केस,संख्या बढ़कर 111 हुई,17 मरीज वेंटिलेटर पर;शहर में 7 जगह पानी प्रदूषित मिला




# देवा में डबल रोल? शाहिद कपूर बॉक्स ऑफिस पर मचाएंगे बवाल

## अलग-अलग अवतार में दिखेंगे एक्टर

ज़ी स्टूडियो और रॉय कपूर फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर 'देवा के ट्रेलर ने धमाकेदार एक्शन और शाहिद कपूर के दमदार परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है. ट्रेलर में शाहिद एक दृढ़ और निडर पुलिस अधिकारी के किरदार में नज़र आ रहे हैं, लेकिन एक सीन, जिसमें शीशे में दो अलग-अलग परछाइयां दिखाई देती हैं, ने अटकलों को जन्म दे दिया है, क्या शाहिद इस फिल्म में डबल रोल निभा रहे हैं? सूत्र ने खुलासा किया, शाहिद का किरदार 'देवा में उनके अब तक के सभी रोल्स से बिल्कुल अलग है. ट्रेलर में कुछ हल्के संकेत दिए गए हैं, लेकिन फिल्म में उनके अलग-अलग अवतार दर्शकों को पूरी तरह से हैरान कर देंगे. यह डबल रोल है या कुछ और, इसका जवाब दर्शकों को फिल्म देखने के बाद ही मिलेगा. क्या यह उनकी आइकॉनिक फिल्म 'कमीने की झलक है, या कुछ और अलग? मलयालम के मशहूर निर्देशक रॉशन एंड्रूज़ द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियो व रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित 'देवा एक दमदार और रहस्यमयी एक्शन थ्रिलर है, जो 31 जनवरी 2025 को रिलीज होने वाली है. ट्रेलर के इंटेंस एक्शन के साथ-साथ फिल्म का गाना 'भसड़ मचा पहले ही धमाल मचा रहा है. इस फिल्मी सफर के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है, जो दर्शकों को आखिरी पल तक बांधे रखेगा. बता दें, शाहिद कपूर को पिछली बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उल्झा जिया में देखा गया था. यह एक साइंस रॉम-कॉम फिल्म थी, जिसमें कृति सेनन लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई थीं. अब देखना होगा कि शाहिद कपूर साल 2025 की अपनी ओपनिंग फिल्म से कितना कमाल करते हैं.

## मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया तगड़ा प्लान

# आइटम नंबर में जान्हवी कपूर चलाएगी हुस्न का जादू





अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 ने पूरे हिंदी सिनेमा का दिल जीत लिया है। फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई ने बाकी सभी फिल्मों को पछाड़ दिया है। अल्लू अर्जुन को उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई है, जिसने उन्हें नंबर 1 एक्टर बना दिया है। पुष्पा 2 ने 1800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर फिल्म मेकर्स को मालामाल कर दिया है। थिएटर में 50 दिन पूरे करने के बाद भी फिल्म की कमाई थमी नहीं है। अभी भी उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म आमिर खान की दंगल के 2000 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। पुष्पा फ्रेंचाइजी की बात करें तो मेकर्स ने फिल्म के हर पार्ट में एक आइटम सॉन्ग रखा है, जो लोगों की जुबान से उतर ही नहीं रहा है। स्टार संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा द राइज और पुष्पा द रूल में दो खास गानों ऊ अंतवा मावा और किसिक से जिस तरह का जबरदस्त धमाल मचाया था। दोनों फिल्मों के इन गानों को यूट्यूब पर भी लाखों बार देखा जा चुका है। पुष्पा 2 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब सबकी निगाहें पुष्पा फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर टिकी हैं। डायरेक्टर सुकुमार ने पुष्पा 2 को एक दिलचस्प मोड़ पर खत्म किया है, आगे क्या होगा ये जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। हाल ही में देवी श्री प्रसाद ने अपने नए बयान में पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग को लेकर बात की। देवी श्री प्रसाद की मानें तो वो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को देखना चाहते हैं। उनका कहना है कि जान्हवी अपनी मां श्रीदेवी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। देवी श्री प्रसाद ने आगे कहा कि उन्होंने पुष्पा 2 के चार्टबस्टर किसिक गाने के लिए श्रीलीला का नाम सुझाया था, क्योंकि वो एक बेहतरीन डांसर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उनके द्वारा बनाए गए स्पेशल सॉन्ग में सामंथा, काजल अग्रवाल और पूजा हेगड़े ने भी अपना जादू दिखाया था.

# नोरा फतेही ने शॉर्ट ड्रेस में पैपराजी के सामने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर, फोटोज देख लट्टू हुए फैंस





अपने डांसिंग स्टाइल से लोगों को दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस के चलते आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में पैपराजी ने एक्ट्रेस को कही पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। नोरा फतेही आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाए रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। एक्ट्रेस नोरा फतेही का हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में बवाल काटती हैं। अब हाल ही में नोरा फतेही को पैपराजी ने कहीं पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही छा गया। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नोरा फतेही ने व्हाइट कलर का शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। नोरा फतेही की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने हाथ में छोटा सा बैग व्हाइट हील्स, लाइट मेकअप और खुले बाल कर के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि जब भी कोई इवेंट या पार्टी होती है तो पैपराजी अक्सर सेलेब्स को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब रहते हैं। उनका हर एक लुक अपने कैमरे में कैप्चर कर सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं, जिससे फैंस को भी एक झलक देखने को मिल पाती है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की नई फिल्म वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट की अनाउंसमेंट, मैथोलॉजिकल थ्रिलर छठ पर होगी रिलीज




बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने अपने नेक्स्ट प्रोजेक्ट, वीवीएएन के लिए पहली बार हाथ मिलाया है. कहना होगा की ये पार्टनरशिप सिनेमेटिक लैंडस्केप को बदलने वाली है. बालाजी टेलीफिल्म्स की एकता आर. कपूर और टीवीएफ के अरुणाभ कुमार कंटेंट इंडस्ट्री के लीडर हैं. दोनों अपनी शानदार क्रिएशन्स के साथ अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर अपनी अनोखी कहानियों से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. दोनों प्रोडक्शन हाउस ने यह घोषणा की है, जिससे इस एक अनोखे सिनेमेटिक एक्सपीरियंस के लिए उत्साह पैदा हो गया है. सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ बालाजी टेलीफिल्म्स और टीवीएफ ने अपना पहला प्रोजेक्ट वीवीएएन लॉन्च किया है. ये सीरीज दीपक मिश्रा डायरेक्ट करेंगे, जिन्होंने पहले मशहूर शो पंचायत को डायरेक्ट किया था. दीपक मिश्रा, जो टीवीएफ के लंबे समय के साथी हैं, एक बार फिर अरुणाभ कुमार के साथ पंचायत के बाद मिलके एक अनोखी कहानी बनाने जा रहे हैं, जो एक थ्रिलिंग बड़े परदे का एडवेंचर भी होगा, और इस प्रोजेक्ट को गाइड करेंगी एकता आर. कपूर. वे साथ मिलकर मैथोलॉजिकल थ्रिलर के जॉनर को पेश करने जा रहे हैं, जो दर्शकों के लिए कभी नहीं देखा गया और नया एक्सपीरियंस होने वाला है. एंटरटेनमेंट की दुनिया के इन बड़े नामों का मकसद दर्शकों को एक अनोखा और नया एक्सपीरियंस देना है, जो पहले कभी नहीं हुआ. ऐसे में मेकर्स द्वारा इस प्रोजेक्ट की रिलीज छठ पूजा 2025 के समय तय की गई है. बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक हिस्सा है, हमेशा बोल्ड, रोमांचक और रोमांचकारी कंटेंट बनाने के लिए जाना जाता है, जो लोगों को अपने से कनेक्टेड रखता है. दूसरी ओर, टीवीएफ ने ऐसी कहानियां बताकर दिल जीत लिया है, जिनसे लोग आसानी से जुड़ सकते हैं. दोनों के एक साथ आने से, वीवीएएन एक अनोखा सिनेमेटिक एक्सपीरियंस देने का वादा करता है, जो पूरी तरह से कुछ नया पेश करेगा.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।